हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

NEWS

dku live &
dkunews24

वर्ष : 03 अंक–196 : जौनपुर, मंगलवार 09 नवंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया


## लखीमपुर खीरी हिंसा में बड़ा खुलासा : आशीष मिश्र के असलहे से हुई थी फायरिंग

लखनऊ ब्यूरो : तीन अक्तूबर को लखीमपुर खीरी में किसानों को थार गाड़ी से कुचले जाने के मामले में नया खुलासा हुआ है। मामले में फॉरेंसिक लैब की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि उपद्रव के दौरान हुई फायरिंग केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी के पुत्र आशीष मिश्र के असलहे से हुई थी। इसी मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने जांच दल पर किसी खास को बचाने की बात कहते हुए नाराजगी जाहिर की थी। हिंसा में चार किसानों सहित आठ लोगों की मौत हुई थी। रिपोर्ट में पुष्टि की गई है कि उपद्रव के दौरान आशीष मिश्र मोनू की रिवॉल्वर और उसके दोस्त अंकित दास की रिपीटर गन व पिस्टल से फायरिंग की गई थी। इस समय दोनों ही आरोपी लखीमपुर खीरी जिला जेल में बंद हैं। एएसपी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि मामले से जुड़े जिन साक्ष्यों को जांच के लिए भेजा गया था उनकी रिपोर्ट आनी शुरू हो गई है। जिसके आधार पर आगे की जांच की जाएगी। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर सुनवाई करते हुए सख्त टिप्पणी की थी और कहा था कि लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) की जांच की निगरानी के लिए यूपी सरकार के बनाए गए न्यायिक आयोग पर उसे भरोसा नहीं है। अदालत ने एसआईटी जांच की स्टेटस रिपोर्ट पर भी गहरी नाराजगी जताई। शीर्ष कोर्ट ने कहा,



जांच में स्वतंत्रता और निष्पक्षता के लिए निगरानी दूसरे राज्य के हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा की जाए। मामले पर अगली सुनवाई 12 नवंबर को तय की गई है। शीर्ष कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एनवी रमण, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस हिमा कोहली की पीठ ने स्टेटस रिपोर्ट देखने के बाद जांच की धीमी गति पर भी असंतोष जताया। पीठ ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि 'एक खास आरोपी' को बचाने के लिए सुबूत जुटाए जा रहे हैं।

## बांसगांव तहसील में डीएम व एसएसपी ने फरियादियों की सुनी समस्या


गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक महीने के पहले व तीसरे शनिवार को प्रत्येक तहसील में संपूर्ण समाधान तहसील दिवस आयोजित कर एक छत के नीचे समस्त विभागों के समस्त अधिकारियों की मौजूदगी में तहसील दिवस में आए हुए फरियादियों को समस्याओं को सुन कर निराकरण किया जाता हैं शनिवार को छुट्टी की वजह से आज सोमवार को बांसगांव तहसील सभागार में जिला अधिकारी और एसएसपी के अध्यक्षता में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को बारी बारी से सुना गया संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने सम्बन्धित विभागों अपने के आये हुए अधिकारियों से कहा कि बिना किसी भेदभाव के आये हुए मामलों के निस्तारित करने का निर्देश दिया डीएम विजय किरन आनंद ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि आप लोग अपने अपने विभागों में समय से ऑफिसो में बैठ कर आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुन कर गुणवत्ता युक्त निस्तारित करें जिससे फरियादी को तहसील दिवस में आने को मजबूर ना होना पड़े और अपने–अपने विभागों का कार्य इमानदारी पूर्वक करें।बांसगांव तहसील में ज्यादातर मामले भूमि विवाद व आपसी विवाद के जो न्यायालयों में विचाराधीन थे वही मामले अधिकतर आए हुए थे डीएम ने वादकारियों से कहा कि आपसी सुलह समझौते के



आधार पर अपने–अपने वादों को निस्तारित न्यायालय से कर समाधान दिवस पर आएं जिससे बीट पुलिस अफसर व राजस्व टीम को मौके पर भेजकर मामले को निस्तारित कराने का काम किया जा सके। एसएसपी विपिन ताड़ा ने संबंधित आए हुए थाना प्रभारी से कहा कि भूमि विवाद पर राजस्व टीम को मौके पर बीट पुलिस अफसर के साथ भेजें जिससे वादों का निस्तारण मौके पर ही किया जा सके। समाधान दिवस में प्रमुख रूप से जिलाधिकारी विजय किरन आनंद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताड़ा सीडीओ इंद्रजीत सिंह एसडीएम बांसगांव दुर्गेश मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## अवध प्रांत के सभी जिलों में आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम : संघ प्रमुख मोहन भागवत

लखनऊ ब्यूरो : देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के तहत अवध प्रांत में भी कई कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) महारानी लक्ष्मीबाई के जन्मदिवस (19 नवंबर) से विजय दिवस (16 दिसंबर) तक इन कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। इस दौरान वंदेमातरम् गायन, तिरंगा यात्रा, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज को बलिदानी वीरों की गाथा बताने, इंटर व डिग्री कॉलेजों में प्रतियोगिताओं व विचार गोष्ठियों के आयोजन जैसे कार्यक्रम होंगे। इसके लिए आयोजन समितियां गठित की जाएंगी। आरएसएस अवध प्रांत के सह प्रांत कार्यवाह संजय ने विश्व संवाद केंद्र के मीडिया सेंटर में सोमवार को बताया कि इस बार गुरु तेगबहादुर के प्रकाश पर्व के 400 वर्ष पूर्ण होने पर बड़े कार्यक्रम व वैचारिक गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। बीती 30 अक्तूबर को कर्नाटक के धारवाड़ में हुई अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में पारित प्रस्ताव के संबंध में कहा कि बैठक में जो प्रस्ताव पारित हुए, उसमें बांग्लादेश में हिंदू समाज पर आक्रमण को अचानक हुई घटना नहीं माना गया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ निराधार व झूठा प्रचार करके सांप्रदायिक उन्माद पैदा करने की कोशिश की गई है। संघ ने इस तरह की घटना को हिंदू समाज के निर्मूलन का योजनाबद्ध प्रयास माना है। प्रस्ताव में हिंदुओं पर हुए हिंसक हमले पर दुख व्यक्त किया गया और वहां के हिंदू अल्पसंख्यकों पर लगातार हो रही क्रूर हिंसा और बांग्लादेश के व्यापक इस्लामीकरण के जिहादी संगठनों के षड्यंत्र की घोर निंदा की गई। इसके अलावा बैठक में सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक मूल्यों एवं ग्राम विकास से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की गई। प्रेसवार्ता में प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ. अशोक दुबे भी मौजूद रहे। कल श्रमिक समागम के रूप में मनाएंगे दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती। श्रम



कल्याण परिषद 10 नवंबर को भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी की 101 वी जयंती को श्रमिक समागम के रूप में मनाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रवण कुमार श्रमिक परिवार धार्मिक पर्यटन यात्रा योजना का शुभारंभ करेंगे। इस संबंध में श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुनील भराला ने सोमवार को राजधानी में तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि पीडब्ल्यूडी प्रेक्षागृह विश्वेश्वरैया भवन में होने वाले समागम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमिकों एवं उद्यमियों को सम्मानित किया जाएगा।

## जनपद में दिव्यांग छात्र एवं छात्राओं हेतु प्री–मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं टॉप क्लास छात्रवृत्ति योजना संचालित

जौनपुर सू.वि. : जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला ने अवगत कराया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा दिव्यांग छात्र/छात्राओं हेतु प्री–मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं टॉप क्लास छात्रवृत्ति योजना संचालित की जाती है, जिस क्रम में अनु सचिव, (डी0बी0टी0) मंत्रिमंडल सचिवालय, भारत सरकार नई दिल्ली के द्वारा राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना शैक्षणिक सत्र 2021–22 हेतु ऑन–लाइन छात्रवृत्ति आवेदन हेतु पोर्टल खुलने की तिथि 18 अगस्त, 2021, पोर्टल पर प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन स्वीकार करने हेतु नियत अंतिम तिथि 15 नवम्बर, 2021, पोर्टल पर पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदन स्वीकार करने हेतु नियत अंतिम तिथि 30 नवम्बर, 2021, प्रथम स्तर के सत्यापन हेतु नियत अंतिम तिथि 15 दिसम्बर, 2021, द्वितीय स्तर के सत्यापन हेतु नियत अंतिम तिथि 31 दिसम्बर, 2021 है। उन्होंने अवगत कराया है कि जो भी दिव्यांगजन इस योजना का लाभ उठाना चाह रहें हो वे दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली की छात्रवृत्ति हेतु वेबसाइट www.scholarships.gov.in में उपलब्ध गाइड–लाइन्स में दी गयी व्यवस्थानुसार आनलाइन कर लाभ उठायें।

## आजादी का अमृत महोत्सव : सभी जिलों में चलाया जा रहा टेली जागरूकता अभियान

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : टेली लॉ 08 से 11 नवंबर 21 तक आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है,जिसमे सभी जिलों में टेली जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है,जिसमे केस रजिस्ट्रेशन,जन जन जागरूकता,और वैन चलाकर लोगो को बताया जा रहा है , टेली लॉ न्याय विभाग का एक ऐसा प्रोग्राम है जिसमे लोगों को कानून सलाह घर बैठे मिलती है,जो वीडियो या टेलीफोनिक होती है।कोई भी पीड़ित जब वो सीएससी सेंटर पर आता है,टस्,व्स्ट की मदद से केस रजिस्टर करता है और तुरंत वीडियो कॉल के माध्यम से नामित वकीलो से वीडियो कॉल के माध्यम से बात कराता है इस तरह उसकी समस्या का निदान मिल जाता है , आज दिनाँक 9/11/2021 को बेतीयहाता गोरखपुर के सी0एस0सी0 अकादेमी सेंटर के सभागार में आजादी का अमृत महोत्सव आज 9 नवंबर 2021 को गोरखपुर सीएससी अकैडमी के माध्यम से टेली लॉ जागरूकता का प्रचार प्रसार पोस्टर व वीडियो को छात्रों को घर बैठे कानूनी सलाह निशुल्क प्राप्त करें कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में जिल विधिक सेवा प्राधिकरण के विधि सलाहाकार श्री रामानंद श्रीवास्तव के द्वारा कर्तब्य




और अधिकार के मूलरूप को समझाया गया, केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाय जा रहे जनमानस कल्याणकारी योजनाओं के विषय पर चर्चा हुई एवं लोगों को कानूनी सलाह भी दिया गया उक्त कार्यक्रम में अवधेश कुमार सचिव बाबा रामकरण दास ग्रामीण विकास समिति सी0एस0सी0 जिला प्रबंधक विकास कुमार जिला समन्वयक विनीत श्रीवास्तव सेंटर इंचार्ज विकास राय, महबूब अशरफ एवं छात्र उपस्थित रहे।

## 'जस्टडाइल' पर स्पा में सेक्स रैकेट को बढ़ावा देने का आरोप : एक्शन की मांग

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : दिल्ली महिला आयोग को राजधानी के कई स्पा में सेक्स रैकेट चलाए जाने की कई शिकायतें मिली थीं जिनकी जांच करने पर सबूत भी मिले है. आयोग ने एक जांच टीम बनाकर शिकायतों का संज्ञान लिया था. जांच टीम ने दिल्ली में संचालित स्पा के कॉन्टैक्ट नंबरों की इंक्वायरी की. 24 घंटों के भीतर ही टीम को 15 से अधिक कॉल और 32 व्हाट्सएप मैसेज मिले, जिसमें 150 से अधिक लड़कियों की तस्वीरें और सर्विस रेट बताए गए थे। आयोग की टीम को मिले एक संदेश में स्पा द्वारा एक लड़की की तस्वीर भेजी गई और बोला गया कि एक शॉट का रेट आपको 2500 लगेगा, फुल सर्विस करेगी. पूरी रात का रेट आपको 7000 लगेगा. गुड सर्विस मिलेगी. सर सर्विस में आपको कोई दिक्कत नहीं होगी. यही नहीं एक दूसरे नंबर से भी ऐसा ही संदेश मिला जिसमें 14 युवा लड़कियों की तस्वीरें साझा की गईं और ऐसे ही ऑफर दिए गए. बाकी सभी संदेश ऐसे ही शर्मसार करने वाले हैं. जिनमें सुंदर और युवा भारतीय और विदेशी लड़कियों के साथ सर्विस के ऑफर दिए गए हैं। इससे



साफ पता चलता है कि आयोग की टीम ने जब स्पा सेवा के लिए विवरण का अनुरोध किया तो बदले में इस जिस्मफरोशी के धंधे का पर्दाफाश हो गया. स्पा ने तुरंत अपनी सभी गैर कानूनी गतिविधियों और प्रॉस्टिट्यूशन रैकेट की डिटेल खुद ही दे दी. मामले का संज्ञान लेते हुए महिला आयोग ने सख्त कार्रवाई करने के लिए दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को नोटिस जारी किया है और जस्टडाइल के प्रबंधन को भी समन जारी किया है।

## सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन 10 से 30 नवम्बर तक–कमलेश पासवान

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन 10 से 30 नवम्बर के विच होगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य खेलों के प्रति युवाओं की रुचि बढ़ाने, उन्हें और अधिक प्रतिभावान बनाना है। जिससे आगे चलकर युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल कौशल का प्रदर्शन करने का पूर्ण अवसर प्रदान हो सके। विकास भवन सभागार में सांसद बांसगांव कमलेश पासवान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई उन्होंने बताया कि इस योजना में खेलों का ग्राम स्तर, ब्लॉक स्तर एवं जनपद स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।सांसद ने जिलाधिकारी विजय किरन आनंद सीडीओ इंद्रजीत सिंह सहित खेल एसोसिएशन प्रतिनिधियों के साथ संवाद करते हुये कहा कि अपने–अपने क्षेत्र में इस प्रतियोगिता क्रियान्वित करने के लिये प्रयास अभी से शुरु किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवक व युवतियों को अधिक मौका मिल सकेगा। खेल स्पर्धा आयोजन में जूनियर तथा ओपन वर्ग के लिए एथलेटिक, खो–खो, कबड्डी, क्रिकेट, कुश्ती, फुटबाल, बॉलीबाल, हॉकी, बेडमिन्टन जैसी प्रतियोगिताओं के आयोजन में प्रतिभाग करने के लिये पंजीकरण कराया जायेगा। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कराया जायेगा। डीएम ने जानकारी देते हुये क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला समन्वयक नेहरु युवा केन्द्र तथा विभिन्न खेल एसोसिएशन प्रतिनिधियों से कहा कि इस कार्यक्रम को वृहद स्तर पर आयोजित कराने के लिये पूर्ण मनोयोग से कार्य करें। बैठक में प्रमुख रूप से सांसद बांसगांव कमलेश पासवान जिलाधिकारी विजय किरन आनंद सीडीओ इंद्रजीत सिंह विधायक पिपराइच महेंद्र पाल सिंह तथा विभिन्न खेलों के खेल प्रतिनिधि मौजूद रहे।


## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक


## गोरखपुर उरुवा बाजार प्रशासन लापरवाह : थाना क्षेत्र मे चोर बेखौफ होकर दे रहे चोरी को अंजाम

डीकेयू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : आये दिन कही ना कही चोरी का अंजाम देते रहते है चोर। उरूवा प्रशासन की हमेसा लापरवाही देखने को मिलती रहती है इसका जीता जागता सबूत उरूवा चौराहे पर पुलिस चौकी के ठीक सामने आईसीआईसीआई एटीएम बैंक के ऊपर छत पर RSA मोबाइल शॉप की है जो उरुवा बाजार की सबसे बड़ी दुकान मानी




जाती है बीती रात सटर की कुंडा को काट कर लाखो का मोबाईल उठा ले गये चोर। अब सवाल यह उठता है कि बीती रात चौराहे पर ड्यूटी किसकी लगी थी और वह क्या कर रहा था कि चोर इतनी बड़ी घटना को अंजाम दे दिए और यह साहब कहां गायब थे उस वक्त जब चौराहे पर इनकी ड्यूटी लगी हुई थी तो जब मैन चौराहे पे दुकानदार की दुकान सेफ नहीं है तो और जगह की दुकानों का क्या हाल होगा और इस चोरी को लेकर दुकानदारो मे डर का माहौल बना हुआ है।

## छठ के महापर्व पर खजनी पुलिस द्वारा कस्बे में किया गस्त

गोरखपुर खंजनी ब्यूरो रवि कुमार:क्षेत्राधिकारी खजनी अनिल कुमार सिंह के निर्देशानुसार खजनी पुलिस ने खजनी कस्बे में किए गस्त ।खजनी



तिराहे पर चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान। छठ के महापर्व पर खजनी पुलिस कस्बे में किए पैदल गस्त कर रोड पर अतिक्रमण न करने का दिए दिशा निर्देश। मौके पर एस एसआई दिनेश सिंह,उप निरीक्षक दिनेश कुमार पांडे राकेश सिंह देव प्रकाश यादव,मय फोर्स के साथ रहे मौजूद।

## युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 विभाग द्वारा जनपदस्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

जौनपुर सू.वि. : जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी ने अवगत कराया है कि युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 विभाग द्वारा जनपदस्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता 13, 14 नवम्बर 2021 एवं को इन्दिरा गॉधी स्टेडियम सिदिकपुर जौनपुर में आयोजित किया गया है, जिसमें एथेलेटिक्स कुश्ती, भारोत्तोलन, वालीवाल एवं कवड्डी (महिला व पुरुष) खेल विधा की प्रतियोगिता होगी। विकास खण्ड स्तर की प्रतियोगिता में विजयी खिलाडी जनपदस्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगे। जनपदस्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन 13 नवम्बर 2021 को प्रातः 11.00 बजे मा0 राज्यमन्त्री आवास विकास एवं शहरी नियोजन उ0प्र0 गिरीश चन्द्र यादव के द्वारा किया जायेगा।

## जिलाधिकारी द्वारा किया गया जनपद में निर्माणाधीन विभिन्न परियोजनाओं की विभागवार समीक्षा

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में निर्माणाधीन विभिन्न परियोजनाओं की विभागवार समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि खंभों के शिफ्टिंग का कार्य को पूर्ण कराते हुए आजमगढ़–जौनपुर मार्ग के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिया कि जल जीवन के अंतर्गत जहां भी भूमि मिल गई है, उसे पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें और डीपीआर शत–प्रतिशत भेजें। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिया कि चौकिया तालाब के सुंदरीकरण का कार्य देव दीपावली तक पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि जितने भी स्थाई गो आश्रय पर कार्य चल रहा है, जल्द से जल्द पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान नईगंज और जगदीशपुर पर बनने वाले ओवर ब्रिज के संदर्भ में निर्देश दिया कि शासन को पत्र प्रेषित कर कार्य में तेजी लाई जाए। 15 दिसम्बर 2021 तक बनारस–लखनऊ मार्ग के 02 लेन चालू कर देने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिये गये। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राम दरस यादव, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह एवं विभिन्न कार्यदाई संस्था के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।


facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram


–सुविचार–

*पाप बुरा है लेकिन पुण्य का अहंकार भी तो बुरा होता है–*

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# प्रकृति में कोई भी सत्ता निरपेक्ष नहीं

मनोनुकूल वक्तव्य प्रिय लगते हैं। प्रिय लगने का कारण मनोनुकूलता है। हम सब वरिष्ठों के भाषण या वक्तव्य सुनते हैं। वक्ता कभी कभी हमारे मन की बात भी कहते हैं। हम वक्ता की प्रशंसा करते हैं। वक्ता मूलतः अपने मन की बात करते हैं लेकिन उसके मन की बात हमारे मन से मिलती है। हम प्रसन्न होते हैं। हम मनोनुकूल वक्तव्य सुनकर ही वक्ता से प्रभावित होते हैं। दूसरे से प्रभावित होने का मुख्य कारण हमारा स्व–भाव ही होता है लेकिन हमारा स्वभाव निरपेक्ष नहीं है। प्रकृति में कोई भी सत्ता निरपेक्ष नहीं। प्रकृति का प्रत्येक अंश परस्परावलम्बन में है। सभी मनुष्य पदार्थ हैं। सबका शरीर पदार्थ है लेकिन इस पदार्थ में प्राण भी है। प्राण प्रत्यक्ष नहीं है। मनुष्यों की गतिविधि से प्राण स्पंदन का पता चलता है। एडिंगटन ने लिखा है कि "सोच विचार के प्रथम चरण में समझता था कि विश्व एक पदार्थ है। मुझे बाद में ज्ञात हुआ कि जगत पदार्थ नहीं विचार है।"

जगत वास्तव में एक विचार है। लेकिन इस विचार में भी पदार्थ का साझा है। यह जिस सीमा तक पदार्थ है, उस सीमा तक विज्ञान का विषय है। इसके बाद विचार है। तब इसका विषय दर्शन है। दर्शन के निष्कर्ष भिन्न भिन्न होते हैं। हमारी दार्शनिक अनुभूतियां भी भिन्न भिन्न होती हैं। हमारे मन की मूल अनुभूति निर्णायक होती है। सभी मनुष्य अपनी मूल अनुभूति के प्रभाव में होते हैं अर्थात स्वयं प्रभावित।

मैं वयोवृद्ध कहा जाता हूं। भारतीय परंपरा में वृद्धावस्था सम्माननीय है। वृद्धों के पास जीवन जगत के अनुभव होते हैं। हम ऋषियों के काल्पनिक चित्र बनाते हैं। चित्रों में बुढ़ापे के रंग भरते हैं। ऋषियों के युवा चित्र नहीं मिलते। हम ऋषियों की वृद्धावस्था को अनुभव व अनुभूति से जोड़ते हैं। हम देवों के भी काल्पनिक चित्र बनाते हैं। श्रीकृष्ण के चित्र को नाचते–गाते, रासलीला करते देखते हैं। श्रीकृष्ण संपूर्ण अस्तित्व धारण करते हैं। उनकी शैशवास्था व तरूणाई मोहित करती है। हम भारतवासी तरुण, ईश्वर पसंद हैं। श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम कहे गए हैं। श्रीकृष्ण और श्रीराम भारतीय अध्यात्मिक के चित्त के प्रतीक हैं। वे सतत् युवा हैं। नई तकनीकी से सबका चित्र बनाना सर्वसुलभ हैं। युवा का चित्र सुंदर हो सकता है लेकिन युवा बने रहने की समय सीमा है। चित्र स्थिर होते हैं। तरुणाई का चित्र वृद्धावस्था से भिन्न होता है। कोई हमेशा युवा नहीं रह सकता। बुढ़ापा आता ही है। बाल श्वेत होते हैं। दांत साथ छोड़ जाते हैं। बाल काला रंगने की तकनीक आ गई है। शिशु की सुंदरता दिव्य होती है और तरुण की भी। लेकिन इनके पास अनुभव नहीं है। जीवन के अनुभव वृद्धावस्था में पूर्ण होते हैं। बुढ़ापा जीवन की सांझ है। इस सांझ का अपना सौन्दर्य है। अनुभवी वृद्ध अपनी ही अनुभूति से प्रभावित होते हैं।

समाज सेवक दूसरों की सेवा को श्रेष्ठ बताते हैं। यह यश देती है लेकिन दूसरों की सेवा करना स्वाभाविक नहीं है। कोई भी दूसरा हमारे स्व का भाग नहीं होता। हमारे जीवन का अंतर्तम् हिस्सा स्व है। बहुत लोग घर छोड़कर संन्यासी हो जाते हैं। भारत में संन्यासी आदरणीय हैं। हम उन्हें घर परिवार त्यागते हुए देखते हैं। घर परिवार सबके प्राथमिक राग हैं। ऐसे राग स्वाभाविक हैं। पारिवारिक राग को त्यागने वाले वस्तुतः अपने विचार के लिए ही सक्रिय होते हैं। अपने विचार के लिए कर्म करना स्वाभाविक है। दूसरों का हित साधन स्वाभाविक नहीं है। हमारा 'स्व' सतत् विस्तारमान भी हो सकता है। हम इकाई हैं और अस्तित्व अनंत। स्वयं को अनंत का भाग जान लेने से दूसरापन समाप्त हो जाता है। समूचा अस्तित्व हमारे स्व का भाग हो जाता है। तब हमारे द्वारा किए जाने वाले सभी कार्य हमारे अपने कार्य हो जाते हैं। भारतीय चिंतन में स्व के लिए काम करना स्वार्थ कहा जाता है। इसी तरह संपूर्ण अस्तित्व के लिए काम करना परमार्थ है। परमार्थ स्वार्थ का ही अनंत विस्तार है। स्वार्थ प्रारम्भ है और परमार्थ अंतहीन अंत।

अस्तित्व का स्वभाव महत्वपूर्ण है। प्रकृति के गुण अपना प्रभाव डालते हैं। यह बात कपिल के सांख्य दर्शन में है। मनुष्य और प्रकृति के मध्य अंतर्विरोध भी होते हैं। सामाजिक अंतर्विरोध स्वभाव के अनुसार जीने में बाधक हैं। इस व्यथा से पीड़ित कुछ लोग भक्ति की शरण में जाते हैं। भक्ति के लिए दो की जरूरत पड़ती है। पहला उपास्य और दूसरा उपासक या भक्त। भक्ति आराध्य के समक्ष संपूर्ण आत्मसमर्पण है। तमाम भक्त अराधना में नाचते–गाते भी हैं। भक्ति–सूत्रों के अनुसार इस कार्रवाई में निजता समाप्त हो जाती है। भक्त और भगवान एक हो जाते हैं। संन्यास इससे भिन्न है। संन्यासी प्रायः सांसारिक, सामाजिक आचार–शास्त्र नहीं मानते। वे संसार और समाज की विसंगतियों के प्रभाव में नहीं आते। जान पड़ता है कि वे स्वयं अपने स्वभाव में ही जीते हैं और स्वभाव अध्यात्म है। संन्यासी सम्माननीय हैं। ज्ञान–मार्गी ज्ञान को सर्वोच्च मानते हैं। माना जाता है कि ब्रह्म के जानकार ब्रह्म हो जाते हैं। बौद्धिक लोग तमाम स्रोतों से सूचनाएँ एकत्रित करते हैं। उनका विश्लेषण व विवेचन करते हैं।

जगत् गतिशील है। संसार में प्रतिपल घटनाएँ व दुर्घटनाएँ हैं। राजनीतिक गतिविधियों के अम्बार हैं। अंतर्ताना (इंटरनेट) तकनीकी में सूचनाओं का विस्फोट है। यहाँ शोध की बड़ी सुविधा है। लेकिन बोध की कोई सुविधा नहीं है। सूचना और ज्ञान में मूलभूत अंतर है। अस्तित्व की दृश्य व अदृश्य कार्रवाई और उससे मनुष्य का सम्बंध, ज्ञान है। इसके लिए स्वयं का बोध जरूरी है। ज्ञानी पूर्वज, जीवन और मृत्यु के रहस्यों के अनावरण में संलग्न थे। उन्होंने मनुष्य और ब्रह्माण्ड की संरचना एक समान बताई है। 'शतपथ ब्राह्मण' के रचनाकार मनुष्य की संरचना पर आश्चर्यचकित थे। लिखा है कि मनुष्य को कौन जानता है? मेरा विनम्र मत है कि मनुष्य को केवल स्वयं प्रभावित मनुष्य ही जान सकता है। हम स्वयं को जानकर ही अस्तित्व का ज्ञान पा सकते हैं। मनुष्य–शरीर की बात अलग है। चिकित्सा–विज्ञानी शारीरिक संरचना जानते हैं, लेकिन मनुष्य–मस्तिष्क की तमाम जानकारियाँ अभी भी अधूरी हैं।

मनुष्य जटिल संरचना है। मनुष्य का अंतःकरण भी अज्ञेय है। इसे पूरी तरह नहीं जाना गया। मेरे मन में इसको लेकर तमाम प्रश्न हैं– मेरे चित्त में क्रोध का केन्द्र कहाँ है? मनोभावों का उद्भव कैसे होता है? हम गलत कर्म के लिए लज्जित होते हैं। प्रश्न है कि लज्जित होने की कार्रवाई का संचालन कैसे होता है? शरीर में प्रेम का केन्द्र क्या है? क्या प्रेम हमारी भौतिक गतिविधि है? क्या प्रेम वास्तव में कोई घटना है? क्या प्रेम होता है? क्या प्रेमभाव आध्यात्मिक है? स्वयं द्वारा किए गए किसी कार्य पर पश्चात्ताप होने की गतिविधि का केन्द्र क्या है? सौन्दर्यबोध का कारण क्या है? हम रूप, रस, गंध से क्यों और कैसे प्रभावित होते हैं? आस्था और श्रद्धा भी प्रत्यक्ष नहीं है।

यहाँ सारे प्रश्न–प्रतीक व्यक्ति–व्यक्ति भिन्न हैं। सभी व्यक्ति लज्जित नहीं होते। सभी मनुष्य प्रेमी नहीं होते। सभी व्यक्ति पश्चाताप नहीं करते। सबके स्वभाव भिन्न हैं। स्वभाव ही महत्वपूर्ण है। स्वभाव की भिन्नता के कारण प्रत्येक मनुष्य अनूठा और अद्वितीय है। कोई भी मनुष्य दूसरे जैसा नहीं है। स्वभाव का प्रभाव दर्शनीय है और विवेचन–विश्लेषण के योग्य भी है। मैं पूरे जीवन अपने ऊपर पड़ने वाले बाह्य व आंतरिक प्रभावों का विवेचन करता रहा हूँ। विवेचन भी एक कर्म है। क्या इसका प्रेरक तत्व स्वभाव है। स्वभाव ही महत्वपूर्ण है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त जन शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से करें सम्बन्धित अधिकारी–जिलाधिकारी सुलतानपुर

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को तहसील बल्दीराय सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कोविड–19 के प्रोटोकाल के अनुरूप टोकेन सिस्टम का प्रयोग कर एक–एक फरियादियों की समस्याओं/शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारियों से किये जाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों के निस्तारण के समय दोनों पक्षों की फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी कराकर रिपोर्ट सम्बन्धित एसडीएम को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जिलाधिकारी श्री गुप्ता द्वारा भूमि विवाद, पुलिस आदि के प्रकरण पर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मौके पर निरीक्षण कर विवाद का निपटारा कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी अपने–अपने विभाग के प्रार्थना पत्र का निस्तारण समयबद्ध ढंग से करना सुनिश्चत करें। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस बल्दीराय में डीएम के समक्ष कुल 77 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें सर्वाधिक राजस्व 41, पुलिस 12, विकास 11, समाज कल्याण 01 तथा अन्य विभागों के कुल 08 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी द्वारा मौके पर 04 प्रार्थना पत्रों / जन शिकायतों का सम्बन्धित अधिकारियों से गुणवत्तापूर्ण ससमय निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी



निर्देशित किया कि जन शिकायतों के निस्तारण के समय दोनों पक्षों का बयान लिया जाय, फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी कराकर निस्तारण आख्या के साथ उप जिलाधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। डीएम ने शेष 73 प्रार्थना पत्रों/शिकायतों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को प्रेषण करने हेतु उप जिलाधिकारी बल्दीराय को निर्देशित किया। इसी प्रकार जनपद की अन्य चारों तहसीलों में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जन शिकायतों/समस्याओं को रोस्टर के अनुसार अपर जिलाधिकारी(प्रशासन), अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), सम्बन्धित तहसीलों में तथा शेष 02 तहसीलों में सम्बन्धित उप जिलाधिकारी द्वारा सुनकर उसका निस्तारण किये जाने का निर्देश सम्बन्धित तहसील स्तरीय अधिकारियों को दिये गये। जनपद स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील बल्दीराय में पुलिस अधीक्षक डॉ0 विपिन कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, तहसील अन्तर्गत सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण एवं फरियादीगण आदि उपस्थित रहे।

## छठ घाटों पर साफ–सफाई सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया जाए– डीएम गोरखपुर

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : छठ पूजा शांतिपूर्ण माहौल में और हर्षोंल्लास के साथ संपन्न हो जाए इसके लिए डीएम विजय किरन आनंद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताडा जिलाधिकारी सभागार में राजपत्रित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सुरक्षात्मक एहतियाती उपायों के तहत पर्याप्त संख्या में सरकारी नाव प्रशिक्षित गोताखोर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है जिलाधिकारी ने घाटों पर एहतियात के तौर पर आवश्यक सुरक्षात्मक उपायों की सुंदृढ़ व्यवस्था रखने का निर्देश दिया है ताकि आवश्यकतानुसार उपयोग किया जा सके. इसके तहत बैरिकेडिंग की व्यवस्था, पर्याप्त संख्या में पुलिस की पर्याप्त तैनाती, लाइट, शौचालय ,पेयजल आदि की भी व्यवस्था रखने का निर्देश दिया गया है उधर कोविड संक्रमण के वर्तमान दौर में छठ पूजा के आयोजन हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक परामर्श दिए गए हैं जिसका पालन करने का जिलाधिकारी ने अपील की है. उन्होंने कहा की सभी व्रती यथासंभव अपने घर पर ही छठ पूजा का आयोजन करें. छठ पर्व के दौरान बुखार से ग्रस्त व्यक्ति, 60 साल से ऊपर के व्यक्ति, 10 साल से कम उम्र के बच्चे एवं अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रस्त व्यक्तियों को छठ घाटों पर नहीं जाने की सलाह स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई है साथ ही छठ व्रत के दौरान प्रत्येक व्यक्ति को मास्क का प्रयोग करने तथा 2 गज की दूरी का अनिवार्य रूप से पालन करने की सलाह दी गई है. इसके अतिरिक्त तालाब में अर्घ देने के दौरान डुबकी नहीं लगाने की सलाह दी गई है। बैठक में जिलाधिकारी विजय किरन आनंद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताड़ा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर कुलदीप मीना एडीएम वित्त राजेश कुमार सिंह एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता एडीएम सिटी विनीत कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार सिटी मजिस्ट्रेट अभिनव रंजन श्रीवास्तव सहित अन्य राजपत्रित अधिकारी गण मौजूद रहे।

## मोदी योगी में बढ़ा लोगों का भरोसा : पहले से ज्यादा सीटें जीतेगी भाजपा – धमेंद्र प्रधान

प्रयागराज ब्यूरो : केंद्रीय शिक्षा मंत्री और भाजपा के यूपी चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और सीएम योगी पर लोगों का भरोसा बढ़ा है। उन्होंने दावा किया कि यूपी में वर्ष 2017 में हुए चुनाव के मुकाबले भाजपा इस बार ज्यादा सीटें जीतेगी, क्योंकि भाजपा सरकार ने प्रदेश का विकास किया है। यूपी अब विकसित राज्य है। यहां कानून व्यवस्था में भी सुधार हुआ है। केपी कॉलेज परिसर में भाजपा काशी प्रांत के पांच जिलों के मंडल पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करने के पूर्व संवाददाताओं से मुखातिब धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था की अन्य राज्य मिसाल देते हैं। कोरोना के दौरान यूपी सरकार का कुशल प्रबंधन रहा। अर्थव्यवस्था भी दोबारा पटरी पर आ गई है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी की मौजूदगी में धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि मोदी और योगी सरकार के तमाम विकास कार्य ही हमारे प्लस प्वाइंट हैं। इस आधार पर भाजपा पिछली बार से ज्यादा सीटें अगले वर्ष जीतने जा रही है।संजय निषाद एनडीए के सहयोगी, भाजपा से हैं उनके अच्छे रिश्ते। निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद को लेकर पूछे गए सवाल पर धर्मेंद्र प्रधान ने कहा



कि वह एनडीए के वरिष्ठ नेता हैं। कहा कि सर्किट हाउस में सोमवार सुबह उनसे मुलाकात हुई। इस दौरान कई मुद्दों पर चर्चा हुई। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि निषाद पार्टी एनडीए का ही हिस्सा है। संजय निषाद से भाजपा के अच्छे रिश्ते हैं। भाजपा उनके साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेगी। जल्द आएंगे अमित शाह, मछुआ प्रकोष्ठ के कार्यक्रम में होंगे शामिल। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि प्रयागराज में जल्द ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आगमन होगा। वह आने वाले दिनों में मछुआ प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम एनडीए की ओर से होगा। इसमें भाजपा के साथ निषाद पार्टी, अपना दल एवं एनडीए के अन्य घटक दल के नेता मौजूद रहेंगे।

## जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी नरसिंहानंद गिरी ने दिया विवादित बयान : दारुल उलूम देवबंद के खिलाफ उगली आग

मेरठ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में एक कार्यक्रम में पहुंचे पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी नरसिंहानंद गिरी ने विवादित बयान देते हुए देवबंद स्थित दारूल उलूम पर कई सवाल उठाए। उन्होंन कहा कि देवबंदी विचारधारा ने देश में आतंकी संगठन पैदा किए हैं। महामंडलेश्वर एक प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों से बातचीत के दौरान ये बातें कहीं। सहारनपुर और देवबंद में प्रेसवार्ता के दौरान पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी नरसिंहानंद गिरी ने दारुल उलूम देवबंद के खिलाफ उगली आग। बोलेए देवबंदी विचारधारा ने आतंकी संगठन पैदा



किए हैं। देवबंद क्षेत्र के गांव केंदुकी में जमीयत उलमा–ए–हिन्द के ट्रेनिंग सेंटर पर भी उठाया सवाल और गंभीर आरोप लगाया।

## महिलाओं को ड्राइविंग करने के लिए उत्प्रेरक की भूमिका निभा रहीं सुश्री जय भारती

आर एल पाण्डेय लखनऊ। यूनाइटेड किंगडम स्थित चौरिटी शेल फाउंडेशन और यूके सरकार ने मूविंग वुमन सोशल इनीशिएटिव्स फाउंडेशन के सहयोग से मूविंग बाउंड्रीज नामक एक मुहिम शुरू की है इसका मकसद है महिलाओं को ड्राइविंग सीखने और करने के लिए प्रेरित करना ताकि वे पारिस्थितिकी तंत्र की अड़चनों को दूर करते हुए ट्रांसपोर्टेशन उद्योग और ई रिक्शा ड्राइवर या ई–कॉमर्स कंपनियों के लिए डिलीवरी एजेंट के रूप में अपने लिए रोजगार की बेहतर संभावनाएं तलाश सके। इस मुहिम के तहत जय भारती अपनी मोटरसाइकिल पर भारत का भ्रमण करेंगी। 11 अक्टूबर से शुरू की गई इस यात्रा में भी 40 दिनों में देश के 20 शहरों में जाएंगी ताकि महिला ओं को ड्राइविंग सीख कर अपने लिए रोजगार के मौके बढ़ाने को जागरूक और प्रोत्साहित कर सके अपने इसी दौरे के तहत आज सुश्री जय भारती लखनऊ पहुंची उन्होंने फिनिक्स मॉल में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि हैदराबाद से अपने टूर की शुरुआत की है बंगलुरु, चेन्नई, कोच्चि, गोवा, पुणे, मुंबई, सूरत, अहमदाबाद, उदयपुर ,जयपुर और नई दिल्ली का सफर तय कर चुकी है इसके बाद वे वाराणसी, पटना, गुवाहाटी, कोलकाता, रांची, भुवनेश्वर जैसे कई अन्य शहरों में जाएंगी इस मुहिम का मकसद है कि महिलाएं इस बात के प्रति जागरूक हो कि ड्राइविंग और अकेले सुरक्षित यात्रा करना कितना जरूरी है क्योंकि इससे वे अपने जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी अपनी संभावनाओं का विस्तार भी कर सकती हैं। मुहिम



का जोर न सिर्फ इस बात पर है कि महिलाएं ड्राइविंग सीखे इलेक्ट्रिक वाहन भी खरीदे जिससे वे कमाई कर सकें और साथ ही ट्रांसपोर्ट क्षेत्र से कार्बन उत्सर्जन भी कम किया जा सके जो कि एक ऐसी सामाजिक संस्था है जो महिला ड्राइवर को प्रशिक्षण रोजगार देने इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने में मदद करती है। इस मुहिम में सहयोग कर रही है मूविंग बाउंड्रीज के बारे में बात करते हुए सुश्री जय भारती ने कहा कि दुनिया भर में महिलाओं को अपने आवागमन को लेकर कई अड़चनों का सामना करना पड़ता है अच्छी पढ़ाई या ऐसे कामों के लिए घर से ज्यादा दूर नहीं जा पाते जिसमें उन्हें ज्यादा या असुरक्षित यात्रा करनी पड़े ऐसे में उनके पास रोजगार के काफी सीमित मौके ही रह जाते हैं उन्होंने कहा कि मैं अपनी मोटरसाइकिल पर 40 दिनों की यात्रा को लेकर बेहद उत्साहित हूं इस दौरान देश भर में सभी वर्गों की महिलाओं से मिलने और ऐसी वर्कशॉप कहने का मौका मिलेगा जहां मैं उन्हें बता सकती हूं ड्राइविंग ऐसा काम है जो न सिर्फ उनके लिए रोजगार के रूप में चुन सकते हैं। एक सुरक्षित माहौल निर्माण करना बेहद जरूरी है जहां महिलाओं को न सिर्फ यात्रा करने के लिए भरोसेमंद ट्रांसपोर्टेशन की सुविधा मिले बल्कि अपने वाहन खरीद कर आजीविका भी कमा सकें।

## वरदान ट्रस्ट की बैठक : सौंपे गए सामूहिक विवाह समारोह के दायित्व

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : वरदान चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 28 नवंबर को गांधी भवन में संपन्न किए जाने वाले निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई है बैठक की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ ट्रस्टी अविनाश चंद्र गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष भी जितने आवेदन आए उनका सामूहिक विवाह / निकाह संपन्न कराया जाएगा विवाह से संबंधित समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं सचिव / ट्रस्टी अतुल कांत द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि समस्त सहयोगी कार्यकर्ताओं को उनके निर्धारित दायित्व सौप दिए गए हैं। पूर्व दो वर्षों में करोना महामारी के कारण सामूहिक विवाह / निकाह संपन्न नहीं हो पाए थे इस वर्ष कोविड–19 नियमों का अनुपालन करते हुए विवाह / निकाह संपन्न कराए जाएंगे उन्होंने बताया जिनके आवेदन प्राप्त हो चुके हैं उनका सत्यापन भी करा लिया गया है उनको 13 नवंबर 2021 को औपचारिकताएं पूर्ण करके कूपन का वितरण कर दिया जाएगा। इस अवसर पर ट्रस्टी करुणा शंकर द्विवेदी ट्रस्टी श्रीमती पूर्णिमा मिश्रा तथा सहयोगी गण अविनाश मिश्रा, अनिल मिश्रा, श्रवण दीक्षित, वसीम अहमद सिद्दीकी, अशोक श्रीवास्तव, चेतना शुक्ला,आलोकिता श्रीवास्तव, सरिता अग्रवाल गांधी भवन के केयरटेकर जेपी श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## अखिलेश यादव ने लांच किया 'समाजवादी परफ्यूम' : सपा नेता बोले– इससे 2022 में खत्म हो जाएगी नफरत

लखनऊ ब्यूरो : सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को समाजवादी परफ्यूम लांच किया। इस अवसर पर मौजूद सपा एमएलसी पुष्पराज जैन ने कहा कि इस परफ्यूम से 2022 में नफरत खत्म हो जाएगी। पुष्पराज जैन ने बताया कि इस इत्र को तैयार करने में दो वैज्ञानिकों ने चार महीने का समय लिया है। इसके निर्माण में कश्मीर से कन्याकुमारी तक 22 तरह के प्राकृतिक इत्र का प्रयोग किया है। इसका प्रयोग करेंगे तो समाजवादी सुगंध महसूस होगी। उन्होंने कहा कि इसी तरह 2024 में देश भर से नफरत हटाने के लिए 24 तरह के इत्र का प्रयोग कर परफ्यूम बनाया जाएगा। यह परफ्यूम सामाजिक समरसता का प्रतीक है। अखिलेश यादव ने कहा कि इस परफ्यूम की खुशबू का असर 2022 में दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि 2022 में यूपी में सपा की सरकार बनने वाली है। उन्होंने नोटबंदी की पांचवी बरसी का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि इससे देश को कितना लाभ हुआ है। जनता ने नोटबंदी के




कारण बड़ी मुश्किलें झेली हैं। कतारों में खड़े होने के कारण कई लोगों की मौत भी हो गई। देश की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो गई और करोड़ों लोग बेरोजगार हो गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। इस सरकार के तीन इंजन हैं। एक दिल्ली वाला, दूसरा यूपी वाला और तीसरा लखीमपुर खीरी वाला इंजन। ये ट्रिपल इंजन मिलकर प्रदेश की कानून व्यवस्था को ध्वस्त कर रहे हैं।

## कांग्रेस द्वारा अन्याय व अत्याचार के खिलाफ लगातार सड़क से जेल तक लड़ी जायेगी लड़ाई

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : प्रियंका गांधी वाड्रा जी के सतत संघर्ष, अन्याय व अत्याचार के खिलाफ लगातार अनवरत सड़क से जेल तक लड़ी जा रही आम जनता की लड़ाई और उत्तर प्रदेश के विकास के लिए ली गयी प्रतिज्ञाओं से प्रभावित होकर लोग कांग्रेस पार्टी से जुड़ रहें हैं। कांग्रेस पार्टी से जुड़कर लोग अपनी आवाज उठाना चाहते है, किसान, बेरोजगार, महिला, व्यापारी सहित समाज के सभी वर्ग पीड़ित है। सभी श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ जुड़कर अपनी आवाज बुलंद करना चाहतें हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का मीडिया विभाग इन आवाजों को एक माध्यम उपलब्ध कराना चाहता है जिसके लिए जनपदवार प्रवक्ता एवं कोआर्डिनेटर नियुक्त करने के लिए "बनें यूपी की आवाज" कार्यक्रम का आरंभ आज से कर दिया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन, पूर्व मंत्री श्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी जी एवं वाइस चेयरमैन श्री पंकज श्रीवास्तव जी ने "बनें यूपी की आवाज" कार्यक्रम को प्रेस वार्ता करके लांच किया है। कांग्रेस पार्टी दिल खोलकर समाज के सभी वर्गो का स्वागत करती है जो




भी कांग्रेस पार्टी से जुड़कर अपने जनपद की आवाज बुलंद करना चाहता है वह इस अभियान के तहत तय मानकों को पूरा कर पार्टी का प्रवक्ता बनकर आवाज उठा सकता है। चयन का आधार योग्यता होगी, जिसके लिए जनपदवार परीक्षा एवं साक्षात्कार तय तिथियों पर आयोजित किया जायेगा। जनपद के प्रभारी सचिव, जिला एवं शहर अध्यक्ष तथा प्रदेश प्रवक्ता की समिति समस्त कार्यक्रमों का आयोजन एवं संचालन सुनिश्चित करेगी। सर्वप्रथम लखनऊ मण्डल के जनपदों में आयोजित होगी परीक्षा। जिसकी शुरूआत 15 नवम्बर 2021 दिन सोमवार को जनपद उन्नाव से आरंभ होगी। 16 नवम्बर 2021 को लखनऊ, 17 नवम्बर 2021 को सीतापुर, 18 नवम्बर 2021 को हरदोई ,19 नवम्बर 2021 को लखीमपुर, 20 नवम्बर 2021 को रायबरेली से शुरु होगी।

# समस्त श्रेणी के ऐसे पेंशनर अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन प्रेषित करें

जौनपुर सू.वि. : वरिष्ठ कोषाधिकारी सुनील कुमार ने समस्त श्रेणी के ऐसे पेंशनरों जो कोषागार जौनपुर से पेंशन प्राप्त कर रहे है और जिनके जीवित प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो गयी है अर्थात 01 वर्ष पूर्ण हो गया है, को अवगत कराया जाता है कि वे कोषागार में रजिस्ट्रेशन होने की स्थिति में किसी भी नजदीकी जीवन प्रमाण पत्र केन्द्र/नागरिक सुविधा केन्द्र जहाँ पर बायोमेट्रिक सुविधा उपलब्ध हो अथवा नजदीकी पोस्ट आफिस के पोस्टमास्टर से सम्पर्क कर निर्धारित वेबसाइट www.jeevan praman.gov.in पर जाकर अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन प्रेषित करने का कष्ट करें। ऐसे पेंशनरों को वार्षिक सत्यापन हेतु जीवित प्रमाण पत्र जमा करने के उद्देश्य से कोषागार में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है। डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र प्रेषित न कर पाने की स्थिति में ही दिनांक 05 नवम्बर 2021 के पश्चात बैंक शाखा द्वारा प्रमाणित फोटो युक्त पेंशन पासबुक / पेंशनर परिचय पत्र / पी०पी०ओ० की प्रति, आधार कार्ड तथा पैन कार्ड के साथ कोषागार में उपस्थित होकर अपने विभाग से सम्बन्धित पटल पर अपना जीवित प्रमाण पत्र अवश्य प्रस्तुत कर दें, जिससे आगे उनकी पेंशन प्रेषण में कोई अवरोध न हो। राज्य विद्युत परिषद के पेंशनरों को माह मई 2022 में उपस्थित होना है। इसके अतिरिक्त पेंशनर अपना ''जीवित प्रमाण पत्र निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार बैंक, जनपद जौनपुर के समस्त आहरण वितरण अधिकारियों व प्रदेश के किसी भी मुख्यध्वरिष्ठ कोषाधिकारी से भी प्रमाणित कराकर कोषागार कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। कृपया तदनुसार अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अथवा मैनुअल जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

# विकास खण्ड–सुजानगंज के नए प्रभारी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) बनाए गऐ डाक्टर राम कृष्ण यादव

सुजानगंज, जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ): विकास खण्ड–सुजानगंज के पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने नवागत प्रभारी सहायक विकास अधिकारी डाक्टर राम कृष्ण यादव को फूलों का गुच्छा भेंटकर एवं शॉल ओढ़ा कर किया स्वागत। आज विकास खण्ड–सुजानगंज के सभागार में नए प्रभारी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष–बाबुलनाथ तिवारी, ब्लॉक मंत्री–जयराम चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष एवं जिला मीडिया प्रभारी–शम्स तबरेज खान, ब्लॉक उपाध्यक्ष–अरुण शर्मा, रमेश कुमार, दिनेश कुमार सरोज, अमित कुमार मिश्र, पुष्पेन्द्र सरोज, धर्मेन्द कुमार, महेन्द्र कुमार, वीरेन्द्र कुमार यादव ने अपने नए प्रभारी सहायक विकास अधिकारी डाक्टर राम कृष्ण यादव जी को फूलों का गुच्छा भेंट कर शॉल ओढ़ा के उनका जोरदार स्वागत किया। डाक्टर राम कृष्ण यादव जी ने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुवे कहा कि स्वच्छता मिशन भारत सरकार,एवं उत्तर प्रदेश सरकार का मुख्य बिंदु है और स्वच्छता हमारे स्वस्थ जीवन का भी एक अभिन्न हिस्सा है, बिना स्वच्छता के जीवन शायद मुमकिन ही नहीं। क्यों कि गंदगी कीटाणुओं का घर होता है और जो विभिन्न प्रकार कि बिमारियों को जन्म देता है। और अपने वातावरण को भी साफ रखना सिखाते हैं। हमारे शारीरिक स्वच्छता के साथ–साथ आस पास के जगहों कि सफाई भी आवश्यक है। और



ग्रामीण क्षेत्रों में इसको सुचारू रूप देने में सबसे अहम भूमिका आप यानी ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की है इसलिए आपलोग पूरी तन्मयता के साथ अपने तैनाती के राजस्व ग्राम में नाली, खडन्जा, आशा–आगनवाड़ी केन्द्र, विद्यालय एवं आदि सार्वजनिक स्थलों को विधवत साफ सुथरा रक्खें जिससे सरकार की मंशानुरुप कार्य हो सके एवं गाँव के लोगों को बीमारियों से बचाया जा सके उक्त कार्य फलसरूप देने में यदि कहीं कोई कठिनाई आती है तो आपलोग हमें सूचित करें हम आप मिलकर विकास खण्ड– में विकास की गति तेज करने का काम करेंगे। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से अखिलेश कुमार मौर्य, संजय, सुरेश चन्द्र यादव, जंगबहादुर पटेल, इन्द्रजीत, स्वामीनाथन यादव, शीला देवी, विजय बहादुर कन्नौजिया, लल्लू राम, ऊषा देवी, जगत नारायण, दिनेश कुमार यादव, संजू देवी, विनीता सिंह, मीना देवी, पान कुमारी, संगीता, रेखा पाण्डेय, सुधा देवी, संजीव कुमार, सुजीत कुमार पटेल, रमेश यादव, सुनील शर्मा सहित दर्जनों सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कैराना से भाजपा ने बिछा दी चुनावी बिसातः मुख्यमंत्री योगी ने जो कहा व किया उसमें छिपा है बड़ा संदेश

लखनऊ ब्यूरो : कैराना पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश से 2022 के चुनाव की बिसात बिछा दी। भले ही पलायन के बाद वापस लौटे सभी परिवारों के सदस्यों से योगी की मुलाकात न हो पाई हो, उनकी यह मुलाकात प्रतीकात्मक कही जाए, पर मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव ने वहां जो कुछ कहा, जो कुछ किया, उसमें बड़ा संदेश छिपा है। रही–सही कसर पूरी कर दी कैराना के बाद मुख्यमंत्री के रामपुर दौरे ने। मुख्यमंत्री ने लोगों को भाजपा सरकार के एजेंडे को पूरा करने का भरोसा देने की कोशिश की तो कानून–व्यवस्था के साथ सुरक्षा व सम्मान पर भी आश्वस्त किया। कानून–व्यवस्था जिस तरह पश्चिमी उत्तर प्रदेश का प्रमुख मुद्दा रहता है उसको देखते हुए मुख्यमंत्री ने एक तरह से वहां के हिंदुओं को यह आश्वासन दिया कि उनकी सरकार के रहते न तो उन्हें बेटियों से छेड़छाड़ होने की चिंता करनी है। साथ ही भरोसा दिया कि अब किसी व्यापारी को वसूली व रंगदारी का ख्याल भी मन में नहीं लाना चाहिए। मुजफ्फरनगर जैसे दंगों की आशंका भी नहीं है। बच्ची के बहाने सबको किया आश्वस्त । प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने जिस तरह मुख्यमंत्री के बगल बैठी एक छोटी बच्ची को संबोधित करते हुए यह कहा,' बेटा, बाबा के रहते डरने की जरूरत नहीं है' उससे भी यह साफ हो जाता है कि भाजपा ने मुख्यमंत्री के इस दौरे के जरिये एक तरह से पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को सुरक्षा और सम्मान के सवाल पर निश्चिंत रहने का संदेश देने का प्रयास किया है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के समीकरण और वहां के मुद्दों को देखते हुए मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष का यह दौरा संक्षिप्त होते हुए भी सियासी समीकरणों को विस्तार देने वाला है। कैराना व रामपुर का संदेश इसलिए अहम। कैराना नौ–दस सालों से हिंदू परिवारों के पलायन को लेकर काफी चर्चा में रहा है। विधानसभा से लेकर लोकसभा और राज्यसभा तक यह मुद्दा गूंजता रहा। ऊपर से 2013 में मुजफ्फरनगर दंगे की तपिश ने जिस तरह पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति को हिंदू–मुस्लिम के खांचे में बांटा, उसके चलते कैराना इस पूरे क्षेत्र की राजनीति का एक प्रतीक बन गया है। योगी का इस कस्बे में जाने का मतलब सिर्फ एक स्थान पर जाना और कुछ लोगों से मिलना भर नहीं था, बल्कि इसके जरिये ऐसे मुद्दों पर अपनी सरकार की रीति–नीति का संदेश देना था। वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र भट्ट कहते हैं, विपक्ष को



शायद इसलिए ज्यादा परेशानी हो रही है क्योंकि इस मुद्दे पर बात उठने पर वह भी कठघरे में खड़े होंगे। पिछली सरकारें भी सवालों के घेरे में होंगी। लोगों को उनके सम्मान व सुरक्षा की गारंटी देना सरकार की जिम्मेदारी है। रही बात राजनीतिक नफा–नुकसान की तो सियासी दलों का तो यह काम ही है कि वे अपना जनाधार मजबूत करने की कोशिश करते रहें। वहीं रामपुर दौरा इसलिए अहम है कि यह पश्चिमी उत्तर प्रदेश का एक ऐसा जिला है जो सपा नेता आजम खां के नाते लगातार सुर्खियों में रहा है और उन्हीं के नाते राजनीति में हिंदुओं व मुस्लिमों के ध्रुवीकरण का भी प्रतीक रहा। इसलिए बढ़ेंगी विपक्ष की चुनौतियां। कैराना में पलायन व रामपुर में भू–माफिया जैसे शब्दों के सहारे योगी ने जो बिसात बिछाई है विपक्ष को अब इन्हीं मुद्दों के इर्द–गिर्द घूमना पड़ेगा। 2017 के विधानसभा चुनाव के दौरान भी योगी आदित्यनाथ ने 'कैराना को कश्मीर नहीं बनने देंगे' के जरिए कैराना सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अन्य कुछ स्थानों से हिंदुओं के पलायन और उनके साथ हो रहे अन्याय को मुद्दा बनाया था। साथ ही भाजपा सरकार बनने पर पलायन करने वाले परिवारों को सम्मान सहित वापस लाकर बसाने के साथ ही ऐसा इंतजाम करने का वादा किया था कि भविष्य में कोई किसी को इसके लिए मजबूर न कर सके। उस समय विपक्ष ने भाजपा पर सांप्रदायिक राजनीति करने का आरोप लगाया था। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि जिस तरह भाजपा के विपक्षी दल के नेताओं ने उस समय इस मुद्दे पर अपनी भूमिका को सही ठहराने की कोशिश की थी, कैराना व मुजफ्फरनगर के दर्द और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों के दिमाग में हलचल मचा रहे सम्मान व सुरक्षा के सवाल को नहीं समझा, मुजफ्फरनगर दंगा को लेकर मो. आजम खां के रवैये पर उठने वाले सवालों की अनदेखी की और आजम के जरिये मुस्लिमों के ध्रुवीकरण की राजनीति को तेवर दिए, यदि उन्होंने मुख्यमंत्री के संदेश को समझने में उसी तरह देर की तो उनकी मुश्किलें बढ़ेंगी।

# ''रविदास महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राज्यपाल से भेंट कर दीवाली की शुभकामनाए दी''



आर एल पाण्डेय लखनऊ। संत शिरोमणि रविदास महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के सदस्य रामह्रदय राम ने बीते बुधवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल माननीय आनंदी बेन पटेल से भेंट कर दीवाली की बधाई दी और संत रविदास का चित्र भेंट किया। इस मौके पर रामह्रदय राम ने रविदास समाज की समस्याओ से राज्यपाल को अवगत कराया।

# कलेक्ट्रेट सभागार में कर–करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर–करेत्तर, राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक की गई। जिलाधिकारी ने विभागवार गहन समीक्षा कर कर–करेत्तर राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश द्वारा विभाग के अधिकारीगण को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति करे। उन्होंने वाणिज्य कर विभाग को इस माह की उपलब्धि की प्रशंसा की। जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि निर्धारित लक्ष्य को 100 प्रतिशत पूरा करें और जनपद की स्थिति को सुधारने के लिए सभी विभाग कार्य करें। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि जो भी आर.सी. जारी की जा रही है, उसे शत–प्रतिशत सॉफ्टवेयर पर फीड करा दे और प्रत्येक विभाग अपनी बकायेदारों की सूची बनाकर वसूली कराएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश, उप जिलाधिकारी सदर हिमांशु नागपाल, सूचना अधिकारी मनोकामना राय, बिजली, स्टांप, परिवहन, वाणिज्य कर, और खनिज विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म पीड़िता पर दर्ज मामले में लापरवाही : तीन अन्य सस्पेंड

प्रयागराज ब्यूरो : दुष्कर्म पीड़िता से संबंधित मुकदमे में लीपापोती पर सोमवार को तीन अन्य पुलिसकर्मी सस्पेंड कर दिए गए। इनमें जार्जटाउन थाने के पूर्व इंस्पेक्टर शिशुपाल शर्मा, एसआई बलवंत यादव व महेश चंद्र शामिल हैं। आरोप है कि फरवरी में दुष्कर्म पीड़िता पर दर्ज मामले की विवेचना व पर्यवेक्षण के दौरान तीनों ने लापरवाही बरती। साथ ही गलत तरीके से चार्जशीट भी दाखिल कर दी। इससे पहले सर्विलांस प्रभारी संजय सिंह यादव, हंडिया इंस्पेक्टर बृजेश सिंह समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया था। उन पर आरोप था कि उन्होंने दुष्कर्म पीड़िता पर दबाव बनाने के लिए उसके केस के गवाह को फर्जी तरीके से जेल भेजवा दिया। सूत्रों का कहना है कि जार्जटाउन थाने में इसी साल फरवरी में पीड़िता व उसके दो गवाहों के खिलाफ बलवा, मारपीट, सरकारी काम में बाधा पहुंचाने, धमकी देने समेत अन्य आरोप में केस दर्ज किया गया था। इस मामले में विवेचना के दौरान अन्य धाराएं तो निकाल दी गईं लेकिन लोकसेवक को क्षति करने की धमकी देने समेत दो धाराओं में पीड़िता व उसके दोनों साथियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी गई थी। पीड़िता का आरोप है कि वह सिर्फ अपनी शिकायत लेकर गई थी जिस पर उसके खिलाफ गलत मुकदमा दर्ज कराया गया। उधर, गवाह को फर्जी तरीके से जेल भेजे जाने के मामले का खुलासा होने के बाद इस प्रकरण की भी जांच की गई, जिसमें पाया गया कि विवेचना त्रुटिपूर्ण ढंग से की गई। इस दौरान गवाहों के बयान दर्ज करने से लेकर साक्ष्य एकत्रित करने तक में लापरवाही बरती गई और आननफानन में चार्जशीट दाखिल कर दी गई। इस खुलासे के बाद दो विवेचकों एसआई महेश चंद व बलवंत यादव और उचित पर्यवेक्षण न करने के आरोप में जार्जटाउन थाने के पूर्व इंस्पेक्टर शिशुपाल शर्मा को सस्पेंड कर दिया गया। आरोपी की तहरीर पर लिखा केस, पीड़िता की नहीं सुनी शिकायत। इस मामले में जार्जटाउन पुलिस ने भी जमकर खेल किया। सीएमपी डिग्री कॉलेज में घटना दो फरवरी की है। लेकिन इसके संबंध में दुष्कर्म के आरोपी असिस्टेंट प्रोफेसर मदन यादव की तहरीर पर 10 दिन बाद यानी 12 फरवरी को पीड़िता व उसके दो साथियों पर एफआईआर दर्ज की गई। इस दौरान पीड़िता की ओर से भी तहरीर दी गई लेकिन उस पर कार्रवाई नहीं हुई। 17 अगस्त को पीड़िता व उसके दो साथियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई। एसपी सिटी को सौंपी गई थी जांच। गवाह को फर्जी तरीके से जेल भेजे जाने के मामले के खुलासे के बाद इस पूरे प्रकरण की जांच दो अफसरों को सौंपी गई थी। गंगापार क्षेत्र के हंडिया व फूलपुर थाने में दर्ज केस की जांच एसपी गंगापार को दी गई थी, जिसमें जांच रिपोर्ट के आधार पर दो इंस्पेक्टर समेत पांच पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया। शहर क्षेत्र के कर्नलगंज व जार्जटाउन थाने में दर्ज चार मामलों की जांच एसपी सिटी दिनेश कुमार सिंह ने की। सूत्रों का कहना है कि इनमें से कर्नलगंज में दर्ज मामले में आरोपी मदन यादव के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। जार्जटाउन में मदन के खिलाफ पीड़िता की ओर से दर्ज कराए गए दो मुकदमे विवेचनाधीन हैं। जबकि मदन यादव की ओर से पीड़िता पर दर्ज कराए गए मामले में जार्जटाउन पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की थी। जांच में इसी मामले की विवेचना त्रुटिपूर्ण पाई गई और इसी वजह से तीन अन्य पुलिसकर्मी निलंबित किए गए।

# कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव और पूर्व विधायक अशोक कंसल कोर्ट में हुए पेश

बागपत ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में प्रदेश के व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व पूर्व विधायक अशोक कंसल मंगलवार को विशेष एमपी–एमएलए कोर्ट में पेश हुए। दोनों नेताओं पर आचार संहिता उल्लंघन सहित विभिन्न धाराओं में दर्ज कई मुकदमों की सुनवाई चल रही है। राज्यमंत्री पर चार मामलों सहित



अन्य नेताओं पर भी अलग–अलग मामलों में आरोप तय कर सकती है। कपिल देव अग्रवाल पर विशेष एमपी–एमएलए कोर्ट में चार मुकदमे विचाराधीन हैं। वारंट जारी होने के बाद राज्यमंत्री ने 26 अगस्त, 2021 को विशेष एमपी–एमएलए कोर्ट में पेश होकर रिकॉल कराया था। साल 2003 में थाना सिविल लाइन क्षेत्र के सोल्जर्स बोर्ड में हुई तोड़फोड़ व हंगामे तथा 2017 विधानसभा उप चुनाव में प्रचार के दौरान राज्यमंत्री सहित पूर्व विधायक अशोक कंसल के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था। एडीजीसी मनोज ठाकुर ने बताया कि अग्रवाल के साथ भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल पंवार भी कोर्ट में पेश हुए।

# कार्बन और नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ने से रेड जोन में शहर : आंख और सांस रोगियों के लिए घातक

वाराणसी ब्यूरो : वायुमंडल में बढ़ते धूल, धुआं, कार्बन व नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ने से बनारस सोमवार को रेड जोन में पहुंच गया। वायु की गुणवत्ता सुबह करीब 11 बजे 319 रिकॉर्ड की गई। जो कि रात 08:30 बजे 340 दर्ज किया गया। सर्वाधिक प्रदूषित इलाका मलदहिया रहा जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 348 रहा। चिकित्सकों का कहना है कि बच्चों, बुजुर्गों, दमा रोगियों के लिए यह हवा खतरनाक है। इस धुंध का असर सांस के मरीजों पर ज्यादा देखने को मिलता है। सोमवार सुबह से ही बनारस रेड जोन में है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, रात आठ बजे के बाद मलदहिया का एक्यूआई 365, भेलूपुर का 354, बीएचयू का 330 और अर्दली बाजार का 340 दर्ज किया गया। दीपावली के दिन से ही वायु गुणवत्ता प्रभावित हुई है। पहले तो पटाखों के चलते हवा का स्तर खराब हुआ, लेकिन अब ग्रामीण क्षेत्रों में पुआल जलाने, शहरी क्षेत्र के किनारे वाले हिस्से में कूड़ा जलाने और निर्माण के चलते वायु की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। बढ़ती ठंड के बीच स्मॉग ने भी दृश्यता पर असर डाला है। उधर, शिवपुर, बाबतपुर, सामनेघाट इलाके में स्मॉग का ज्यादा असर दिखा और दृश्यता



प्रभावित रही। उधर, धूल और धुएं को देख नगर निगम ने सोमवार को फिर से पानी का छिड़काव कराया। हवा हुई जहरीली। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी डॉ. कालिका सिंह ने लोगों से अपील की है कि वह कूड़ा न जलाएं। निर्माण कार्य के दौरान मानकों का पालन करें। निर्माण स्थल पर हरा मैट लगाने के साथ ही पानी का छिड़काव करें। उन्होंने बताया कि शून्य से 50 के बीच के एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 को संतोषजनक (ग्रीन), 101 से 200 के बीच को मध्यम (येलो), 201 से 300 के बीच को खराब (ऑरेंज), 301 से 400 के बीच को बहुत खराब (रेड) और 401 से 500 के बीच को गंभीर श्रेणी (डार्क रेड) में माना जाता है।

# मानसरोबर तालाब से घोड़े छोड़कर छठ पर्व की हुई शुरुआत : व्रती महिलाएं करती हैं पूजा

चंदौली ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में लोक आस्था का महापर्व चार दिवसीय डाला छठ पर्व की शुरूआत सोमवार को नहाय–खाय के साथ हुई। व्रतियों ने स्नान ध्यान के बाद चार दिवसीय व्रत का संकल्प लिया और शुद्धता के साथ चावल, चने की दाल, लौकी की सब्जी तैयारी की। भगवान सूर्य को जल देने के बाद इसका भोग लगाया। इसके साथ ही व्रत के विभिन्न अनुष्ठान की शुरूआत हुई। वहीं छठ मइया के गीतों से नगर और गांव भक्तिमय हो गया है। पीडीडीयू नगर स्थित मानसरोवर तालाब से छठ पूजा समिति के सदस्यों ने सात घोड़ों को छोड़कर छठ पर्व की शुरुआत की। छठ पूजा समिति की ओर से छोड़े गए घोड़ों ने नगर भ्रमण कर आस्था का संदेश दिया। भगवान भाष्कर की आराधना का महापर्व डाला छठ की तैयारी तो दीपावली के साथ ही शुरू हो गई थी। सोमवार को घरों में व्रतियों ने विशेष तैयारी कर रखी थी। सुबह पूरे घर की साफ सफाई के बाद महिलाओं ने भक्ति भाव से स्नानध्यान के बाद व्रत का संकल्प लिया। इसके बाद पूरी शुद्धता के साथ चावल, चने की दाल और लौकी सब्जी तैयार की। दाल और सब्जी में सेंधा नमक और सरसों तेल की जगह घी का प्रयोग किया। जिन घरों में व्रत हो रहा है, उन घरों में दीपावली के बाद से प्याज



लहसून आदि का प्रयोग बंद कर दिया दिया गया और शुद्धता का विशेष ख्याल रखा जा रहा था। सोवार को भोजन तैयार करने के बाद व्रतियों ने भगवान सूर्य की प्रार्थना करने और जलदान करने के बाद भोजन ग्रहण किया। इसके बाद पूरे परिवार के लोगों ने प्रसाद स्वरूप भोजन ग्रहण किया। इसके साथ ही घरों में अर्घ्य देने की तैयारी शुरू हो गई। व्रतियों ने अपने हाथों से भगवान भाष्कर को अर्घ्य देने के लिए पकवान तैयार करने के लिए गेहूं धोया और सूखाया। वहीं घरों में छठ व्रत के गीत शुरू हो गए। दूसरी तरफ परिवार के सदस्य घर के नजदीकी सरोवर तटों पर पहुंच कर घाट की साफ सफाई कर वहां अपना नाम लिखा और घाट छेंका। यहां बुधवार की शाम और गुरुवार की सुबह घाटों पर कलश स्थापित करने के लिए मिट्टी की बेदी बनाई। मंगलवार की सुबह से व्रती निराजल व्रत करेंगे और शाम के वक्त घाटोंपर दीप दान किया जाएगा। इस दौरान घाट पूजन भी होगा। इसके बाद घरों में पहुंच कर व्रती दूध, चावल और गुड़ की बखीर तैयार कर भोग लगाएंगे। इसके बाद 36 घंटे का निराजल व्रत की शुरूआत होगी।

# उत्तर प्रदेश में युवाओं को पार्टी में जोड़ने का एक नया अभियान चलाने जा रही कांग्रेस

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में कांग्रेस युवाओं को पार्टी में जोड़ने का एक नया अभियान चलाने जा रही है। पार्टी ने युवाओं का खुला आह्वान किया है कि वे ''बनें यूपी की आवाज'' अभियान का हिस्सा बनें। इस अभियान का मकसद जिला स्तर पर पार्टी के प्रवक्ता और मीडिया कोऑर्डिनेटर का चुनाव करना है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के चेयरमैन, पूर्व मंत्री श्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने आज कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव एवं उत्तर प्रदेश की प्रभारी श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा जी उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पीड़ित व प्रताड़ित जनता की आवाज बन गयी हैं। प्रदेश में सरकारी संरक्षण में हो रही अलोकतांत्रिक एवं गैरसंवैधानिक घटनाओं से डटकर लड़ रही है। न्याय के लिए योगी सरकार के अनैतिक कार्यो के खध्लिाफ सड़क पर उतरकर संघर्ष कर रही हैं और सरकार की हिरासत झेल रही हैं। प्रियंका गांधी जी के इस तेवर से युवा खासतौर पर आकर्षित होकर कांग्रेस पार्टी से जुड़ना चाहते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए ''बनें यूपी की आवाज'' अभियान शुरू हो रहा है। इसके जरिये कांग्रेस अनुभवी कांग्रेसजनों के साथ–साथ युवाओं को प्रवक्ता और मीडिया कोआर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंपेगी। योग्यता, क्षमता एवं जनसंपर्क उनके चयन का आधार होगा। नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि कांग्रेस जिला स्तर पर लिखित और मौखिक परीक्षा के जरिये प्रवक्ताओं और कोऑर्डिनेटर का चयन करेगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने में जुटी है। एकता, समानता और भाईचारे के खिलाफ साजिशें हो रही हैं। आम जनता की गाढ़ी कमाई को विभिन्न तरीकों से निकालकर चंद उद्योगपति मित्रों की जेब में डालने का षड़यंत्र हो रहा है, ऐसे में जो भी युवा, महिला देश को बचाने के लिए श्री राहुल गांधी एवं श्रीमती प्रियंका गांधी जी के इस




महाअभियान से जुड़ना चाहतें हैं वह इस ''बनें यूपी की आवाज'' के माध्यम से कांग्रेस से जुड़कर उत्तर प्रदेश और देश बचाने का काम कर सकते है। इसके लिए कांग्रेस पार्टी समाज के सभी वर्गो का आह्वान करती है। प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन श्री पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि आरएसएस के जहरीले प्रचार के विरुद्ध देश में लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए युवा कांग्रेस पार्टी से बड़े पैमाने पर जुड़ना चाहते हैं। उन्हें एक मंच देने के लिए ''बनें यूपी की आवाज'' अभियान आज आरंभ कर दिया गया है। जो नौजवान कांग्रेस के सदस्य नहीं हैं, वे भी पार्टी का सदस्य बनकर इन परीक्षाओं में शामिल हो सकेंगे। जिलावार लिखित और मौखिक परीक्षा की शुरुआत सर्वप्रथम लखनऊ मंडल से की जा रही है। जिसके तहत 15 नवम्बर 2021 को जनपद उन्नाव में पहली परीक्षा एवं साक्षात्कार का आयोजन किया जायेगा। 16 नवम्बर 2021 को लखनऊ, 17 नवंबर 2021 को सीतापुर, 18 नवम्बर 2021 को हरदोई, 20 नवंबर 2021 को रायबरेली और 21 नवंबर को लखीमपुर में परीक्षा आयोजित की जायेगी। जनपद के प्रभारी सचिव, जिला एवं शहर अध्यक्ष तथा प्रदेश प्रवक्ता उपरोक्त परीक्षाएं संपन्न करवाएंगें। प्रेस वार्ता में कांग्रेस की यूपी मतदाता टास्क फोर्स के बतौर अध्यक्ष श्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी जी ने कुछ अन्य जानकारियाँ दीं। उन्होंने कहा कि समस्त मण्डलों एवं जनपदों के पदाधिकारियों के माध्यम से मतदाता सूची पुनरीक्षण अर्थात मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम बढ़ाने और अवैध नाम कटवाने का कार्य चल रहा है। इसके तहत पार्टी के पदाधिकारियों के माध्यम से बीएलए की नियुक्ति हो रही है। मतदाता सूची में 18 वर्ष की आयु पूरा कर चुके युवाओं को जोड़ने, नवविवाहिताओं का नाम स्थानान्तरण तथा अवैध ढंग से वोटर लिस्ट में जुड़े नामों को कटवाने का काम आरंभ हो चुका है। उन्होंनें इसके लिए जिम्मेदार पदाधिकारियों को पार्टी के संभावित उम्मीदवारों, विभागों, फ्रंटल, अल्पसंख्यक, पिछड़ा, अनुसूचित जाति एवं जनजाति सहित कांग्रेस पार्टी के सभी संगठनों तथा पार्टी के पूर्व जनप्रतिनिधियों से मदद लेने का भी आह्वान किया।

## समाजसेवी व हजारों लावारिस लाशो के वारिस मो शरीफ चचा राष्ट्रपति के हाथो पद्मश्री सम्मान से हुये सम्मानित

अयोध्या (राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) ।शहर के खिड़की अली बेग निवासी प्रसिद्ध समाजसेवी व हजारो लावारिस लाशो के वारिस मोहम्मद शरीफ चचा राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में राष्ट्रपति रामनाथ कोविद के हाथो सम्मानित हुये ।इस सम्मान की सूचना जैसे ही सोशल मीडिया व समाचार के माध्यम में अयोध्या तक पहुँची तो शहर में खुशी की लहर दौड़ उठी ।शहर के लोग अपने अपने तरीके से उन्हें बधाई संदेश देने लगे ।मालूम हो कि दो साल पहले लावारिस लाशो के वारिस व समाजसेवी मोहम्मद शरीफ चाचा को पदम श्री अवार्ड से नामित हुए थे ।परंतु करोना के चलते उन्हें यह सम्मान नहीं मिला था ।मालूम हो कि मोहम्मद शरीफ चाचा रिकाबगंज चौक रोड पर एक छोटी सी दुकान में साइकिल का पंचर एवं मरम्मत का कार्य करते हुए जीवन यापन करते थे साथ ही साथ लावारिस लाश का वारिस बनते हुए अंतिम संस्कार करते चले आए हैं ।सूत्र के मुताबिक आज लगभग



2500 से लेकर 3000 तक लावारिस शवों का अंतिम संस्कार इनके द्वारा कराया गया ।जिसको लेकर ऐसे कार्य करने वाले मोहम्मद शरीफ को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा पदम–श्री अवार्ड से नवाजा गया है ।मालूम हो कि शरीफ चचा आज भी किराये के छोटे से मकान में रहकर अपना जीवन बिता रहे है।

## आसान हो जाएगा रामनगरी से चित्रकूट का सफर : व्यापार और पर्यटन को भी मिलेगा बढ़ावा

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय तिवारी : रामनगरी से चित्रकूट धाम को सीधा मार्ग से जोड़ने वाले सिराथू तहसील के शहजादपुर में गंगा घाट पर बन रहे ढाई अरब की लागत के पुल का निरीक्षण शनिवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने किया। साथ ही 15 दिसंबर तक पुल निर्माण पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। जबकि शासन ने इसके पूर्ण होने की अवधि का लक्ष्य मार्च 2022 रखा है लेकिन सरकार विधान सभा 2022 चुनाव के पहले इस परियोजना को पूर्ण कर जनता के लिए लोकार्पण करना चाहती है। बहरहाल निर्माण पूरा हुआ तो जिले में व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही अयोध्या से चित्रकूट का सफर भी आसान हो जाएगा। शहजादपुर के करेंटी घाट पर पुल बनाने की मांग क्षेत्र के लोग काफी समय से कर रहे थे, जिसको संज्ञान में लेकर सांसद विनोद सोनकर के प्रयास से अगस्त क्रांति महोत्सव के समय शहजादपुर में जन्मी क्रांतिकारी दुर्गाभाभी व सैनिक सम्मान समारोह कार्यक्रम के अंतर्गत 9 अगस्त 2019 को सूबे के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सेतु की आधारशिला रखी थी। 1272 मीटर लंबे बनने वाले अतिरिक्त भार पुल के लिए शासन ने दो अरब 48 करोड़ 89 लाख का बजट जारी किया था। जिसे बनाने के लिए शासन ने उत्तर प्रदेश सेतु निगम प्रयागराज इकाई को जिम्मा सौंपा था। दो साल से बन रहे इस पुल का निर्माण लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष कार्य दिसंबर तक पूर्ण हो जाने की बात कही जा रही है। इस समय गंगा में बाढ़ आने से पुल निर्माण कार्य मे समस्या आ रही। जिस कारण पुल में जो थोड़ा काम बचा हुआ है वह काफी कठिन है, जिसे पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। 13 पिलर पर बनने वाला यह पुल बेहद खूबसूरत अंदाज में बनाया जा रहा है, जो प्रयागराज के नैनी ब्रिज की तरह आकर्षक होगा। पुल में सेल्फी प्वाइंट भी बनेगा। जिससे लोग पुल व गंगा नदी के साथ अपनी बेहतरीन सेल्फी ले सकेंगे। अयोध्या से चित्रकूट के लिए हो जाएगा रास्ता पुल के बन जाने से रामनगरी से कामतानाथ स्वामी तक आने–जाने वालों के लिए सीधा रास्ता हो जाएगा। श्रद्धालुओं को दर्शन करने का रास्ता सुलभ एवं सुगम होगा तथा उन्हें कम दूरी का प्रयोग करना होगा । इतना ही नहीं, शहजादपुर सेतु बन जाने से कौशांबी में व्यापारिक केंद्र को बढ़ावा मिलेगा। यहां के व्यापारियों को कुंडा, प्रतापगढ़, फैजाबाद, लखनऊ आने जाने के लिए सुलभ हो जाएगा। जिससे व्यापारियों को आने–जाने में समय बचेगा तथा सामान लाने की सहूलियत होगी। दोआबा वासियों को राजधानी का सफर करना होगा। दोआबा वासियों के लिए इस पुल के बन जाने से राजधानी पहुंचना आसान हो जाएगा। जिसके लिए उन्हें कम दूरी चलनी पड़ेगी, जिससे उन्हें समय व आर्थिक दोनों का फायदा होगा।

## पार्षद प्रतिनिधि ने लगाया नगर निगम पर आरोप

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।पार्षद प्रतिनिधि बेगमगंज वार्ड मुरारी सिंह ने लगाया नगर निगम पर सीधा आरोप मुरारी सिंह का कहना है कि 12 तारीख को 14 कोसी परिक्रमा है और नगर निगम अब नालियों को ठीक कराने का काम कर रहा है और जिन चीजों का प्रयोग



हो रहा है वह ईट कच्चे हैं और ईट में लगने वाला मोरंग बालू सीमेंट की मात्रा भी गलत तरीके से डाला जाता है यही कारण है जो कुछ ही दिनों बाद फिर टूट कर गिर जाता है और कहा कि नगर निगम को नाली के कार्यों को 15 दिन पहले कराना चाहिए था अब जिसे गलत तरीके से कार्य करा रहे हैं पैसे का पूरी तरह दुरुपयोग हो रहा है इस तरह से कार्य कराने का कोई फायदा नहीं है क्योंकि कुछ ही दिनों बाद यह फिर गिर के गड्ढों में तब्दील हो जाएगी अगर नगर निगम को कार्य कराना था तो 15 दिन पहले नालियों की वह सड़कों की मरम्मत करानी चाहिए अब इस तरह का कार्य करने से कोई लाभ होने वाला नहीं है जिस तरह से सड़कों पर गाड़ियां चलती है कुछ दिनों बाद ही नालियां बैठ जाएगी और टूट के किनारे हो जाएंगे जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार गड्ढा मुक्त करने के प्रयास में हैं वहीं दूसरी तरफ नगर निगम प्रदेश सरकार की योजनाओं पर पलीता लगाते हुए नजर आ रहा है।

## डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश की जनता को बेरोजगारी महंगाई भ्रष्टाचार खराब कानून व्यवस्था की असली सौगात दी है–गंगा सिंह

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश की जनता को बेरोजगारी महंगाई भ्रष्टाचार खराब कानून व्यवस्था की असली सौगात दी है उक्त बातें सपा जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर आयोजित मासिक बैठक में कह रहे थे । श्री यादव ने कहा भाजपा सरकार ने प्रदेश की जनता का विश्वास खो दिया है जिस आशा और विश्वास के साथ इस सरकार को बनाई थी उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया गया है आगामी 2022 के चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा की सरकार बनाएगी तभी उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनेगा श्री यादव ने कहा नोटबंदी देश का सबसे बड़ा घोटाला है पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार मे जो भी विकास का कार्य हुआ है उसी का फीता भाजपा सरकार काट रही हैं भाजपा सरकार में महंगाई इस कदर बढ़ गया है की गरीब जनता को दो वक्त की रोटी भी मिलना मुश्किल हो गया प्रदेश की जनता अखिलेश यादव को आशा भरी निगाहों से देख रही है ऐसे में कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वह आम जनता में सपा सरकार में किए गए कार्यों को जनता को बताएं कार्यक्रम का संचालन करते हुए सपा जिला महासचिव बख्तियार खान ने कार्यकर्ताओं से कहाकि बूथ पर वोट बढ़ाने का काम चल रहा है सभी कार्यकर्ताओं को अपनी बूथ पर यह जिम्मेदारी है की वोटर लिस्ट से देखकर वोट बढ़ाएं जिससे कोई भी व्यक्ति मतदान से वंचित न रह पाए । सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज मासिक बैठक नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष लालचंद चौरसिया व यूवजनसभा के प्रदेश सचिव अरुण शुक्ला का स्वागत किया गया और उनसे अपेक्षा की गई आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अभी से ही पूरी ताकत से जुट जाएं इसी के साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई कि वह वोटर लिस्ट से अपने बूथों पर मतदाताओं के छूटे हुए नामों को बढ़ाने के लिए हर बूथ पर कार्यकर्ता जुट जाए जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनाई जा सके इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, बाबूराम गौड, एजाज अहमद, लालचंद चौरसिया, पूर्व प्रदेश सचिव छेदी सिंह, मोहम्मद हलीम पप्पू , प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव, पूर्व प्रमुख राम अचल यादव, पार्षद हाजी असद अहमद, जिला सचिवगण राम बहादुर यादव, जयप्रकाश यादव, मोइज अहमद खान, वसी हैदर गुड्डू ,अंसार अहमद बब्बन, राम लहू यादव, ननकन यादव, महेंद्र चौरसिया, शिक्षक सभा जिला अध्यक्ष दान बहादुर सिंह, युवजन सभा जिला अध्यक्ष जय सिंह यादव ,यूथ ब्रिगेड जिला अध्यक्ष मोहम्मद शोएब, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष त्रिभुवन प्रजापति, विधानसभा अध्यक्ष शिव बरन यादव पप्पू ,रुदौली विधानसभा अध्यक्ष छोटे लाल यादव, रामचंद्र रावत, बृजेश सिंह चौहान ,संजय यादव, ओपी पासवान ,विशाल मणि यादव रिकी ,दीपक यादव राधे ,अंकित यादव ,भानु यादव, पंकज शर्मा, जुनैद खान ,जसराज यादव, रमेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## विधायक ने मुख्यमंत्री अरोग्य मेला का किया औचक निरीक्षण

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय तिवारी : भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का औचक निरीक्षण किया ।उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदपुर में लगभग 11 बजे पहुच मेले का निरीक्षण किये ।साथ ही कोविड टीकाकरण का जानकारी भी ली। विधायक ने कहा कि कोविड टीकाकरण पर विशेष जोर दिया जाय और गांव गांव कैम्प भी लगाकर लोगो को टीका लगवाया जाय ।मौजूद दवाओं आदि के बारे में जानकारी ली ।साथ ही सीएमओ को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के आयोजन को लेकर व्यापक प्रचार–प्रसार कराया जाए ।जिससे ग्रामीण क्षेत्र में लोगो को फायदा मिल सके ।पीएचसी सैदपुर में करीब एक दर्जन मरीजों का बीपी,शुगर,हीमोग्लोबिन,कोरोना एंटीजन की जांच की गई ।स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात इन मरीजों को निशुल्क दवाएं दी गई ।इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि दिनेश पांडेय,शीतला प्रसाद शुक्ला,वैजनाथ यादव,श्याम यादव,पंकज सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

## जिलाध्यक्ष ने भाजपा सदस्यता अभियान शिविर का किया शुभारंभ

अयोध्या संवाददाता डॉ. अजय तिवारी : अमानीगंज मंडल के जाफरनगर में जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने भाजपा सदस्यता अभियान शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सर्वोन्मुखी विकास का वादा भी करती है और उन वादों को पूरा करती है कार्यकर्ताओं के सम्मान का भी पूरा ध्यान रखती है। भाजपा एक परिवार है, कार्यकर्ता ही उसकी पूंजी है। सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों को जिलाध्यक्ष ने माला पहनाकर सम्मानित भी किया। राष्ट्रवादियों का अपमान करने वालों को जनता सबक सिखाएगी जिला अध्यक्ष ने कहा कि जिन्ना और जवाहरलाल नेहरू की महत्वाकांक्षा के कारण ही देश का बंटवारा हुआ. सरदार पटेल के साथ जिन्ना का गुणगान करना दुर्भाग्यपूर्ण है. प्रदेश में सत्ता पाने की बेताबी में अखिलेश राष्ट्रीय हितों की धज्जियां उड़ा रहे हैं. तुष्टिकरण को बढ़ावा देकर समाज को खंडित करने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने आगे कहा कि जनता सरदार पटेल को नीचा दिखाने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं करेगी. राष्ट्रवादियों का अपमान करने वालों को वर्ष 2022 में जनता सबक सिखाएगी इस दौरान मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह,संतोष मिश्र, हरिओम,गंगादीन रावत,पवन गुप्ता,पवन पांडे, मौजूद रहे।

## खब्बू की जमानत अर्जी पर अगली सुनवाई 12 को

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : गोसाईगंज से विधायक इंद्रप्रताप तिवारी खब्बू की उच्च न्यायालय के लखनऊ बेंच में आज आठ नवंबर को जमानत अर्जी पर सुनवाई होनी थीस यह टल गई है जो कि अब 12 नवंबर को होगीस विधायक के समर्थक आज सुबह से ही उनके बाहर आने की ताक में थे जिन्हें एक बार फिर निराशा हाथ आई हैस इस मामले में जमानत याचिका पर सुनवाई न्यायमूर्ति एस चंद्रा की आदलत में थीस खब्बू की केस फाईल 30 नम्बर पर थी और अदालत में आज सुनवाई केवल 26 नम्बर तक की फाईल पर ही हो सकीस 18 नवंबर को 5 वर्ष की सजा एडीजी 3 पूजा सिंह की कोर्ट ने सजा सुनाई,खब्बू तिवारी को गत 18 नवंबर को 5 वर्ष की सजा एडीजी 3 पूजा सिंह की कोर्ट ने सजा सुनाई थी। विधायक इन्द्रप्रताप तिवारी खब्बू के साथ– साथ दो अन्य सहयोगी फूलचंद्र यादव व कृपा निधान तिवारी को भी यही सजा सुनाई गई है ।मामला 30 वर्ष पुराना वर्ष 1992 का हैस जिसमें आरोप लगाया गया था कि साकेत महाविद्यालय में इन्द्रप्रताप तिवारी ने बीएससी द्वितीय वर्ष में एडमिशन के लिए फर्जी मार्कशीट का सहारा लिया ।उसी दौरान वह साकेत डिग्री कालेज से महामंत्री का चुनाव भी जीते थे। बाहुबली विधायक एवं ब्राह्मण नेता के रूप में प्रदेश भर में है खब्बू की पहचान। मामला संज्ञान में आने पर तत्कालीन प्राचार्य यदुवंश राम त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय से जांच करवाई मामला फर्जी पाए जाने पर मुकदमा दर्ज करवाया गया था ।उसके बाद वह जमानत पर चल रहे थे। प्राचार्य त्रिपाठी की मौत हो चुकी हैस जबकि कोर्ट ने विधायक सहित 3 लोगो को सजा सुनाई ।इसके बाद हाईकोर्ट में अपील की गई थी ।बाहुबली विधायक एवं ब्राह्मण नेता के रूप में प्रदेश भर में है खब्बू की पहचान है। अपर जिला जज तृतीय पूजा सिंह ने 420, 468,471 धारा के तहत 5 वर्ष की सजा सुनाई थी। इन्द्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी सपा व बसपा से भी विधानसभा चुनाव लड़ चुके है।

## देवबंद में अब 15 नवंबर के बाद हो सकेगा कमांडो सेंटर का शिलान्यास

सहारनपुर ब्यूरो : सहारनपुर के देवबंद में बनने वाले एटीएस कमांडो ट्रेनिंग सेंटर का शिलान्यास कार्यक्रम एक सप्ताह के लिए फिर से टल गया है। उम्मीद है कि अब 15 नवंबर के बाद ही यह कार्यक्रम हो सकेगा। चूंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही देवबंद आकर शिलान्यास करना है। अब चर्चा है कि शिलान्यास कार्यक्रम 22 नवंबर को हो सकता है। पूर्व में सात नवंबर को कमांडो ट्रेनिंग सेंटर का शिलान्यास होने की संभावना थी, जिसके चलते जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी थीं। देवबंद में रेलवे रोड स्थित उद्योग विभाग की 2000 वर्ग मीटर जमीन पर एटीएस कमांडो ट्रेनिंग सेंटर बनना है। वहां शिलान्यास होने के बाद सहारनपुर–मुजफ्फरनगर हाईवे पर जनसभा को लेकर स्थान भी चिह्नित कर लिया गया था, लेकिन मुख्यमंत्री के आगमन का निर्धारित कार्यक्रम नहीं मिल पाया। वहीं, इसके बाद माना जा रहा था कि अब 10 नवंबर को शिलान्यास होगा, लेकिन अब वह भी टल गया है। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कई कार्यक्रम उत्तर प्रदेश में लगे हैं, ऐसे में मुख्यमंत्री का देवबंद आना अभी संभव नहीं हो पा रहा है। अब संभावना है कि 15 नवंबर के बाद कोई तिथि तय होने पर ही एटीएस कमांडो ट्रेनिंग सेंटर का शिलान्यास होगा। दूसरी बार फिर स्थगित हो गया मुख्यमंत्री का देवबंद दौरा। पश्चिम उत्तर प्रदेश के दौरे पर निकले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का देवबंद दौरा फिर टल गया। अधिकारियों के मुताबिक उनके पास अभी तक कोई सरकारी कार्यक्रम नहीं आया है। जबकि विधायक बृजेश सिंह का कहना है कि 18 नवंबर के बाद ही मुख्यमंत्री देवबंद आएंगे। सरकार द्वारा एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) कमांडों ट्रेनिंग सेंटर बनाने के लिए शासन प्रशासन द्वारा रेलवे रोड पर उद्योग विभाग की भूमि




(राजकीय पायलट वर्कशाप) का चयन किया। इसका शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सात नवंबर को करने देवबंद आना था, लेकिन प्रशासन को कार्यक्रम प्राप्त नहीं हुआ। इसके बाद 10 तारीख मुख्यमंत्री के आगमन की तय मानी जा रही थी। उक्त तिथि पर भी सरकारी कार्यक्रम नहीं आया। इस प्रकार मुख्यमंत्री का देवबंद दौरा दूसरी बार स्थगित हो गया। एसडीएम दीपक कुमार ने बताया कि फिलहाल तक कार्यक्रम स्थगित है, क्योंकि लखनऊ से कोई कार्यक्रम प्राप्त नहीं हुआ है। दूसरी तरफ विधायक बृजेश सिंह का कहना है कि उनकी रविवार की रात्रि में मुख्यमंत्री से वार्ता हुई है। उन्होंने 18 नवंबर तक प्रदेश में अन्य कार्यक्रम में व्यस्त होने की बात कही है। इसके बाद ही देवबंद के लिए नई तिथि मिल पाएगी। तब तक के लिए कार्यक्रम स्थगित हो गया। बता दें कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन पिछले कई दिनों से तैयारियों में जुटा था। सहारनपुर–मुजफ्फरनगर हाईवे स्थित सिल्वर पैराडाइज में मुख्यमंत्री की सभा के लिए मंच बनाने का काम शुरू हो गया था। उससे कुछ दूरी पर ही हैलीपैड भी बना दिया था। डीएम समेत अन्य अधिकारी भी शिलान्यास स्थल समेत सभा स्थल का निरीक्षण भी कर चुके थे। वहीं मुख्यमंत्री का कार्यक्रम दूसरी बार स्थगित होने से क्षेत्र के लोगों में मायूसी देखने को मिल रही है।

## मंडी उप स्थल पर शुल्क का 75 प्रतिशत लाइसेंसधारियों को देने की तैयारी

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश सरकार विधानसभा चुनाव से पहले मंडी उप स्थल का संचालन करने वाले कृषक समूहों, किसानों व अन्य हितधारकों को बड़ी राहत देने जा रही है। इसके तहत मंडी शुल्क व विकास सेस अथवा प्रयोक्ता प्रभार का 75 प्रतिशत हिस्सा लाइसेंसधारियों को देने की तैयारी है। इसके लिए मंडी अधिनियम में संशोधन संबंधी कार्रवाई अध्यादेश के जरिए लागू करने पर मंथन हो रहा है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए निकटतम दूरी पर मंडी उप स्थल की व्यवस्था लागू की थी। सोच थी कि किसान अपनी सुविधानुसार अपनी शर्तों पर उत्पाद बेच सकें। ऐसे स्थलों पर लिए जाने वाले मंडी शुल्क का 25 प्रतिशत हिस्सा मंडी उप स्थल के संचालकों को और 75 प्रतिशत मंडी समिति को दिया जाना तय हुआ। इस व्यवस्था में ज्यादा रुचि न दिखाने पर अब सरकार ने मंडी शुल्क का 75 प्रतिशत हिस्सा लाइसेंसधारियों को दिया जाए व 25 प्रतिशत मंडी को देने का प्रस्ताव तैयार हुआ है। इसलिए रुचि नहीं। मंडी उप स्थलों के रखरखाव, विकास व सुविधाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी उसके मालिक व लाइसेंसधारी की होती है। मंडी शुल्क के केवल 25 प्रतिशत हिस्से से यह व्यवस्था नहीं हो पा रही है। इस वजह से किसान या किसान समूह मंडी उप स्थल घोषित कराकर किसानों को स्थानीय स्तर पर कारोबार की सुविधा देने में रुचि नहीं ले रहे हैं। बड़ी कारोबारी कंपनियां भी मुंह फेर रही हैं।

## शिकायतों के जाम में फंसीं अयोध्या की सड़कें : 200 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं की राह आसान नहीं

लखनऊ ब्यूरो : अयोध्या विश्वस्तरीय पर्यटन नगरी बनने की राह पर चल पड़ी है, लेकिन यहां की कई सड़कें ठेकेदारों की गुटबाजी के चलते शिकायतों के जाम में फंस गई हैं। इससे प्रभु श्रीराम की नगरी में सड़कों से जुड़ीं 200 करोड़ रुपये से ज्यादा की परियोजनाओं की राह आसान नजर नहीं आ रही। गुटबाजी इतनी बढ़ गई है कि ठेकेदार पूल बनाकर प्रहरी एप पर एक–दूसरे की जमकर खामियां गिना रहे हैं। इससे टेंडर प्रक्रिया रद्द कर फिर से शुरू करनी पड़ रही है। इससे सड़कों का निर्माण जल्द शुरू करने की योजना पर ब्रेक लग गया है। राज्य सरकार का अनुमान है कि वर्ष 2030 तक अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 5 करोड़ पार कर जाएगी। उसी के हिसाब से अयोध्या में विकास का खाका खींचा गया है। 200 करोड़ से ज्यादा की सड़क परियोजनाओं की राह नहीं आसान। प्रहरी एप पर ठेकेदारों में घमासान, गुटबाजी के चलते कर रहे शिकायत, जांच में उलझे टेंडर। – अयोध्या में 32.8 करोड़ की लागत से मया बाजार बाईपास बनना है। अगस्त में पहली बार टेंडर मांगे गए। लेकिन, शिकायतों की भरमार के कारण नए सिरे से टेंडर आमंत्रित करने पड़े। दूसरी बार 5 अक्तूबर को टेंडर खोला जाना था। इसके लिए 9 ठेकेदारों ने टेंडर डाला और प्रहरी एप पर एक–दूसरे की 18 शिकायतें कर दीं। नतीजतन, टेंडर प्रक्रिया फिर जांच में उलझकर रह



गई है। ये परियोजनाएं भी मुश्किल में फंसी – अयोध्या–सुल्तानपुर रोड से अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट तक 13.5 करोड़ की लागत से सड़क बननी है। दूसरी बार मांगे गए टेंडर खोलने की तिथि 12 अक्तूबर निर्धारित की गई। इस बार 15 ठेकेदारों ने निविदाएं डालीं और एक–दूसरे की 34 शिकायतें कीं। अब इन शिकायतों की भी जांच कराई जा रही है। जांच पूरा होने से पहले टेंडर फाइनल नहीं हो सकता। – सुग्रीव किला होते हुए नया घाट रोड से राम जन्मभूमि तक सड़क के लिए 10 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। 12 अक्तूबर को टेंडर खोला जाना था। 7 ठेकेदारों ने टेंडर डाले और प्रहरी एप पर 22 अलग–अलग शिकायतें कीं। इस परियोजना पर भी अभी तक काम नहीं शुरू हो सका है। – पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों का कहना है कि इसी तरह से 150 करोड़ रुपये लागत की अन्य दो बड़ी परियोजनाएं भी फंसी हुई हैं।

## महिला की गला घोटकर हत्या, ईख के खेत में मिला शव : पहचान कराने में जुटी पुलिस

बागपत ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के बागपत में मंगलवार दोपहर एक महिला का शव ईख के खेत में पड़ा मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर शव की पहचान कराने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर जनपद के मुबारिकपुर निवासी विजय पुत्र नंदकिशोर के गन्ने के खेत में एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। किसान ने सूचना पुलिस को दी। इसकी सूचना पर पहुंची खेकड़ा थाना पुलिस ने शव की शनाख्त का प्रयास किया, लेकिन उसकी शनाख्त नहीं होने पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार महिला की उम्र 32 वर्ष के करीब है। प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि महिला की हत्या के बाद शव को खेत में फेंका गया है। महिला के गर्दन व कंधे पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की है। शव की अभी पहचान नहीं की जा सकी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। मुबारिकपुर–ढिकौली मार्ग पर ईंख के खेत में किसान अपने खेतों में काम कर रहे थे तो मंगलवार दोपहर को मुबारिकपुर के विजय पुत्र नंदकिशोर के ईंख के खेत मे एक युवती का शव पड़ा हुआ देखा। किसानों ने ग्रामीणों व पुलिस को इसकी जानकारी दी तो वहां काफी भीड़ एकत्र हो गई और पुलिस भी पहुंच गई। सीओ खेकड़ा युवराज सिंह भी वहां पहुंचे और युवती के बारे में आसपास के लोगों से पूछताछ की गई। उसके बाद भी युवती की शनाख्त हो सकी। युवती की उम्र करीब 25



वर्ष बताई जा रही है और उसके गले पर निशान को देखते हुए उसकी हत्या किए जाने की बात कही जा रही है। सीओ युवराज सिह का कहना है कि खेत के पास गाड़ी के टायर के निशान देखकर लग रहा है कि युवती की बाहर हत्या करने के बाद शव को यहां लाकर डाल दिया गया। युवती के पोस्टमार्टम व शनाख्त के बाद पूरी स्थिति साफ हो गी और पुलिस इसकी जांच कर रही है।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / **R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।